हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025



# जून से नई सुविधा: मोबाइल एप पर चेहरा दिखाते ही हो जाएगा कार्ड धारक का ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

उचित मूल्य दुकान के राशन कार्ड धारकों को अब तक ई-केवाईसी कराने के लिए राशन दुकानों में जाकर ई-पॉश मशीन में आधार को मशीन से लिंक कराने के साथ अपनी अंगुली का फिंगर स्कैनिंग कराना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है। ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए अब राज्य में भी मोबाइल फेस एप्लीकेशन एप लांच होने जा रहा है।

इस एप से कार्डधारक घर बैठे दो मिनट के अंदर अपने एंड्राइड मोबाइल पर एप डाउनलोड कर आसानी से अपना केवाईसी कर सकता है। इस प्रक्रिया के दौरान फेस स्कैन होते ही केवाईसी हो जाएगा। गुगल से पहले मेरा केवाईसी और आधार फेस आरडी (kyc-Aadhaarfacerd) एप डाउनलोड करना होगा। एप के खुलने पर अपना राज्य चुनना होगा। इसके बाद वेरिफाई लोकेशन का ऑप्शन आएगा। इस पर क्लिक करने के बाद अपना आधार नंबर इंटर करना है। इसके बाद ओटीपी नंबर आएगा। इसके बाद ओटीपी और केप्च कोड (Captcha Code) डालते ही क्लिक करने पर आपका स्क्रीन में डिटेल जाएगा। इसके बाद नीचे फेस ई-केवाइसी का बटन पर क्लिक करना है। इसे क्लिक करते ही मोबाइल कैमरा ऑन हो जाएगा, जिस पर खुद का चेहरा दिखाते ही केवाईसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

## मोबाइल एप के माध्यम से भी कर सकेंगे ई-केवाईसी, फर्जी वितरण रोकने नए प्रयास

### केवाईसी हुआ या नहीं कर सकते हैं चेक

केवाईसी हुआ या नहीं अगर इसे लेकर कोई शंका हो तो इसे भी इसी एप से कुछ सेकंड में दूर किया जा सकेगा। एप की पुरानी प्रक्रिया अपनाते हुए ओटीपी और कैप्चा कोड डालने के दौरान स्टेटस के सामने वायी लिखा आएगा। इसका मतलब आपका केवाईसी हो गया है।



### केवाईसी बगैर राशन नहीं

भारत सरकार ने राशन कार्ड सदस्यों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया है। केवाईसी नहीं कराने वाले सदस्यों को राशन दुकान से खाद्यान्न भी नहीं मिल पाएगा। बताया जा रहा है कि केवाईसी कराने की अंतिम तारीख 31 मई है, लेकिन इसे राज्य में फिर आगे बढ़वाया जा सकता है। इससे पहले भी केवाईसी की तारीख अनेक बार आगे बढ़ चुकी है। संभावना है कि फेस एप के आने के बाद 31 दिसंबर तक के लिए केवाईसी की तारीख आगे बढ़ सकती है।

### दूसरे कई राज्यों में शुरू हो चुका छत्तीसगढ़ में अब होने जा रहा

केंद्र सरकार ने केवाईसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सभी राज्यों को तीन ऑप्शन दे रखे हैं। इसके लिए फिंगर स्कैन, रेटिना स्कैन एवं तीसरा ऑप्शन फेस स्कैन है। इन तीनों आप्शन में छत्तीसगढ़ के जिलों के राशन दुकानों में फिंगर स्कैन का उपयोग किया जा रहा है। रेटिना आप्शन के भी कहीं-कहीं उपयोग में लाए जाने की खबर है। हालांकि फेस स्कैन ऑप्शन को जून से शुरू किए जाने की तैयारी की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### चाकू से हमला, पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** पुरानी रंजिश के चलते एक नाबालिग द्वारा अपने ही नाबालिक साथी पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी (नाबालिग) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 मई को वह अपने घर में था, तभी रात्रि 8 बजे के लगभग विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक द्वारा उसे फोन लगाकर मछली मार्केट के पीछे बुलाने पर प्रार्थी अपनी साथी के साथ वहां पर गया और विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक द्वारा उसका मोबाइल मांगकर फ्लाईट मोड में कर अपने पास रखे धारदार चाकू से हत्या करने की नियत से प्रार्थी के पेट में वार कर हमला किया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पतासाजी हेतु पृथक से टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया। विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सब्जी काटने का चाकू जब्त कर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय किशोर न्यायाबोड के समक्ष पेश किया गया। विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक का वारंट प्राप्त होने उपरांत बाल सम्प्रेक्षण गृह दाखिल किया गया।

### विभा साहू और महेंद्र यादव को निष्कासित करने के निर्णय से मचा बवाल

# विधायक की मौजूदगी में निष्कासन का निर्णय, पीसीसी ने कहा: अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लक्ष्मण रेखा लांघकर दो जिला पंचायत सदस्यों को छह साल के लिए निष्कासित करने के प्रस्ताव के बाद डोंगरगांव कांग्रेस संगठन में दो फाड़ के हालत बनते दिखाई देने लगे हैं। इस मामले को लेकर प्रदेश संगठन अपने अधिकार क्षेत्र में बेजा दखल मानते हुए बेहद गंभीर है। आने वाले समय में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को नोटिस थमाकर जवाब-तलब किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू की मौजूदगी में डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत की गई थी। संविधान बचाओ रैली की रूपरेखा तैयार करने आयोजित बैठक विधायक विरोधियों को निपटाने वाली साबित हुई। बैठक में मौजूद कांग्रेसजनों ने सीमा लांघते हुए ऐसा प्रस्ताव कर डाला, जो उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। ब्लॉक कांग्रेस ने दो जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव और विभा साहू जिन्हें पीसीसी पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का प्रत्याशी बना चुकी है, को छह साल के लिए निष्कासित करने का फैसला कर विवाद खड़ा कर दिया है।

### शिकायत के बाद अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी जारी करेगी मामले में डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस को नोटिस



### प्रस्ताव करने का हक नहीं

डोंगरगांव कांग्रेस ने जो निर्णय लिया है वह प्रदेश संगठन के नॉलेज में है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को जिला पंचायत सदस्यों को निष्कासित करने का अधिकार नहीं किया है। इस संबंध में शीघ्र ही नोटिस जारी किया जाएगा।

- मलकीत सिंह गैंदू, महामंत्री, पीसीसी

### संगठन का फैसला शिरोधार्य

कांग्रेस की बैठक में मैं भी मौजूद था, किन्तु मैंने अपनी कोई राय नहीं रखा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने निष्कासन का प्रस्ताव किया है। ब्लॉक संगठन ने आखिर ऐसा निर्णय क्यों किया, इस मामले की जांच भी होनी चाहिए। संगठन ने जो प्रस्ताव किया है, वह उन्हें शिराधार्य है।

- दलेश्वर साहू, विधायक

### राजधानी तक गूंज

*डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के फैसले की गूंज राजधानी तक पहुंच गई है। कांग्रेस के बहुसंख्यक आला नेता मान रहे हैं कि जिला पंचायत सदस्य का निष्कासन और जिला कांग्रेस अध्यक्ष का बहिष्कार करने का फैसला करने का अधिकार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को नहीं है। ब्लॉक कांग्रेस केवल पार्टी विरोधी गतिविधि में लिप्त होने पर प्रस्ताव कर कार्रवाई के लिए जिला कांग्रेस को भेज सकती है, किन्तु डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सीमा से बाहर जाकर निष्कासन का प्रस्ताव ही कर दिया।*

### खतरे में नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी

*जानकारी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस इससे पहले भी अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर नगर पंचायत में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति कर चुकी है। यह मामला भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक पहुंच गया है। प्रदेश संगठन ने नियुक्ति निरस्त करने कह दिया है कि नेता प्रतिपक्ष सद्दाम खत्री को विधायक का वरदहस्त हासिल होने के कारण अब तक वह अपने पद पर बने हुए हैं। कहा जा रहा है कि वर्तमान घटनाक्रम के बाद अब नेता प्रतिपक्ष को हटाने की कार्रवाई शीघ्र ही हो सकती है।*

# पिकअप में कर रहे थे मवेशी तस्करी, दो आरोपी गिरफ्तार

### 12 मवेशी सहित तस्करों का वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



पिकअप वाहन में मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर बिना चारा पानी के महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने वाहन को पकड़ा। जिससे 12 मवेशी बरामद किए गए हैं। इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर व स्टाफ के क्षेत्र में हो रहे ग्रामीणों को पशुओं को कत्लखाना ले जाने वाले तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर ग्रामीणों को इस संबंध में जागरूक किया गया था।

### मवेशियों को भेजा गौशाला

जिसके तहत अपना ढ़ाबा के पास ग्राम हाथीकन्हार मेन रोड में पुलिस स्टाफ ने कार्रवाई करते मवेशियों को कत्लखाना महाराष्ट्र की ओर ले जाते हुए 12 नग गाय, बैल एवं बछड़ा एवं बछिया को आरोपियों द्वारा निर्दयतापूर्वक बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंसकर पिकअप वाहन में भरकर महाराष्ट्र कत्लखाना की ओर ले जा रहे थे, जिसे रंगे हाथ पकड़कर 12 नग मवेशियों के साथ आरोपी सम्राट गौतम कुमार आतरे 37 साल निवासी ग्राम धोबीसरार थाना देवरी महाराष्ट्र, ईतवारीराम साहू पिता स्व. जेठूराम साहू 59 साल निवासी ग्राम जादूटोला अंबागढ़ चौकी के कब्जे से जब्त कर कार्रवाई की है। जब्तशुदा मवेशियों को गौशाला भेजा गया। मामला अजमानतीय होने से आरोपियों को न्यायालय में पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड हासिल कर जेल भेजा गया।

### लगातार 3 मामलों पर कार्रवाई

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ चौकी पुलिस द्वारा विगत कुछ दिनों में लगातार मवेशी तस्करों के विरूद्ध 3 प्रकरणों में कार्रवाई किया गया। जिससे मवेशी तस्करों में खौफ का माहौल बना हुआ है। पुलिस के अनुसार अपराधों पर नियंत्रण करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस गश्त पेट्रोलिंग तथा आपराधियों की धरपकड़ की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# खेत में सजा था जुए का फड़, पुलिस की दबिश में नगदी सहित 9 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेत में कुछ लोग एकत्र होकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर दबिश देकर 9 आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है।



आरोपियों से नगदी रकम 13940 रुपए एवं ताश पत्ती जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत 25 मई को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति चिखली सांई मंदिर के आगे स्थित खेत में 52 पत्ती ताश में रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जिससे जुआ खेल रहे आरोपियों में हड़कंप मच गया था।

### नगदी रकम, ताश पत्ती बरामद

आरोपियों से नगदी रकम 13940 रुपए एवं 52 पत्ती ताश को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) अपराध कायम कर वैधानिक कार्रवाई की गयी। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक उमेश बघेल, प्रधान आरक्षक संतोष मिश्रा, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक मोरध्वज देशलहरे, अविरल भगत, चंद्रकपुर आयाम, गोपाल पैकरा, मनोज जैन एवं चौकी चिखली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

### इनको पकड़ा

पुलिस ने मौके पर आरोपी ईमरान खान 25 साल निवासी रामनगर, कुंदन वाहने 24 साल निवासी चिखली, दिनेश साहू 25 साल निवासी शिवनगर, सुमरन लाल साहू 70 साल निवासी चिखली, द्वारिका देवांगन 60 साल निवासी टांकापारा, मगेलाराम नेताम 58 साल निवासी चिखली, विक्की साहू 43 साल निवासी स्टेशनपारा, दुर्वाश सोनटक्के 48 साल निवासी शांतिनगर एवं रामचंद्र यादव 34 साल निवासी शांतिनगर को पकड़ा।

### पति के दीर्घायु एवं परिवार के लिए की मंगल कामना, रखा व्रत

# व्रत रखकर महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वट सावित्री व्रत पर्व पर आज बड़ी संख्या में सौभाग्यवती महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस मौके पर कथा का श्रवण व वाचन भी किया गया। कई महिलाएं कल 27 मई को भी यह पर्व मनाने की तैयारी में है। ज्येष्ठ माह में 26 मई को अंचल में बड़ी संख्या में वट सावित्री व्रत पर्व मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सौभाग्वती महिलाओं ने व्रत रखकर पति के दीर्घायु एवं परिवार में कुशल मंगल की कामना की। वट वृक्ष के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया। ऐसी मान्यताएं है कि वट वृक्ष को लंबी आयु का माना जाता है। वहीं इसमें भगवान ब्रम्हा, विष्णु व महेश का निवास माना गया है। वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर मौसमी सामग्री, फल फूल एवं पूजा सामग्री अर्पित किया गया।





**श्रद्धा भक्ति का माहौल :** इधर वट सावित्री व्रत पर्व के चलते बाजार में विगत दो-तीन दिनों से पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई थी, जहां से महिलाओं ने पूजा सामग्रियों की खरीदी की। आज पर्व पर मां शीतला मंदिर परिसर सहित अन्य स्थानों पर स्थित वट वृक्ष के नीचे बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करने के पश्चात पति की पूजा-अर्चना कर महिलाओं ने व्रत पूर्ण किया। दिनभर श्रद्धा भक्ति का माहौल निर्मित रहा।

### माई एंगल




समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आर्थोडोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
- क्लीयर अलाईनर
- दांत निकालना
- अक्ल दाढ़ निकालना
- फ्रेक्चर जबड़े का ईलाज
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
- बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
- पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
- डिजिटल एक्स-रे
- डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट
- एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
- फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

अपने घर लेकर जाए अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
जिंदगी का बेस्ट डिसिजन!
JOHN DEERE
5405 TREM IV 4WD
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 अंबागढ़ चौकी 8103024569 चिचोला गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप



### वट सावित्री की पूजा

**चिचोला।** पति के दीर्घायु एवं परिवार की खुशहाली के लिए महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा किया।

### चारभांठा में अध्यक्ष ने कराया बोर खनन

**छुरिया।** ग्राम बम्हनी चारभांठा मे पेयजल संकट को देखते हुए जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों की मांग पर त्वरित पहल करते हुए एक सप्ताह के भीतर बोर खनन कराया। इस पहल के लिए ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा का आभार प्रकट किया है। श्री सिन्हा ने ग्रामीणों को जल संकट से बचने के लिए सोख्ता गड्ढा, बोरी बंधान, ढलान जगह में पत्थर से पानी रोकने की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उभेराम मंडावी, टीकम साहू, यादोदास वैष्णव, दुवासी कुंजाम, हेमसिंग साहू, कुशल मंडावी, हरक सेवता सहित अन्य उपस्थित थे।



### मार्बल से भरा ट्रक पलटा

**चिचोला।** छुरिया रोड में अनियंत्रित होकर मार्बल से भरा ट्रक पलट गया जिससे ड्राइवर को गंभीर चोटें आई है। जानकारी के अनुसार छुरिया की तरफ से मार्बल भरकर चिचोला आ रहा ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीजे 9604 राजू साइकिल स्टोर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ड्राइवर को गंभीर चोटे आई है जिसे 112 की मदद से छुरिया हॉस्पिटल ले जाया गया।



### एक्यूप्रेशर शिविर 30 तक

**डोंगरगढ़।** एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन लालबहादुर नगर में किया गया है। एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग और ट्रीटमेंट जोधपुर के विशेषज्ञ आगामी 30 मई तक सिर दर्द, साईटिका, आंख, कान, नाक, गले, पेट, शुगर, गैस, कमर, जोडो आदि का उपचार एक्यूप्रेशर, वाईब्रेशन, सुजोक चिकित्सा के माध्यम से करेंगे। आयोजकों ने लोगों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

### धान खरीदी केन्द्र की घोषणा का स्वागत

**सड़क अतरिया।** सरकार ने मानपुर नाका में नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने की घोषणा किया है। केन्द्र शुरू होने से किसानों को धान बेचने में सुविधा होगी। कम दूरी तय कर मानपुर, चकनार, जीराटोला, बगदूर, दौजरी आदि गांव के किसान धान आसानी से बेच पाएंगे। धान खरीदी खोलने पर ग्रामीणो ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार से मिलकर सरकार का आभार जताया। इस मौके पर अंजू जंघेल, सरपंच मानपुर बोधनसिंह मेरावी, केशलाल मंडावी, जीतमराम धनकर, मनहरण नेताम, रामशरण मेरावी, मोहन धुर्वे, कोमल नेताम, भगवानसिंह, हंसराम पटेल, पुनाराम धनकर मौजूद थे।



### स्वच्छता अभियान में शामिल हुए ग्रामीण

**सोमनी।** सोमनी में स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत सफाई किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने भी हाथ बंटाया। सरपंच नीलिमा साहू, पंच सहित स्वच्छता बहनों और ग्रामीणों ने बाजार चौक के आसपास सफाई कर कचरा उठाया। इस दौरान सरपंच ने ग्रामीणों को स्वच्छ भारत स्वस्थ गांव का संदेश देकर अपने घर सहित आसपास में सफाई रखने प्रेरित किया। इस मौके पर पंच नंदा वर्मा, भारती, कुंती, रेखा, बरखा, तीजन, कंवलबाई, गोपी साहू सहित अन्य उपस्थित थे। सरपंच द्वारा नाली सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड 6 से 8 और 10 से 14 सहित वार्ड 16, 19 एवं 20 में नाली का मुआयना कर कर्मचारियों को बेहतर साफ करने की समझाइश दी। सरपंच साहू ने बताया कि बरसात से पहले सभी नाली और नालों की सफाई करने के साथ लाइट को दुरस्त कराया जाएगा।



### ढाबा के गोविंद धनकर बने प्रदेश अध्यक्ष

**गंडई पंडरिया।** ढेंगर गड़रिया समाज के प्रदेश संगठन का चुनाव गत दिनों शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष पद पर ढाबा निवासी गोविंद राम धनकर निर्वाचित हुए। इस पद के लिए भुवनेश्वर पाल ने भी नामांकन दाखिल किया था। जानकारी अनुसार चुनाव में सर्वसम्मति और निर्वाचन प्रक्रिया से विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। महिला प्रकोष्ठ में सुनीता धनगर को निर्विरोध अध्यक्ष, ममता राजेश पाल को निर्विरोध महासचिव चुना गया। युवा प्रकोष्ठ का भी चुनाव हुआ। अभिमन्यु धनगर, विनोद पाली और अनिल पाली ने नामांकन दाखिल किया था। अंततः अभिमन्यु धनगर को प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर लोकनाथ पाली निर्विरोध निर्वाचित हुए। पुरुषोत्तम धनगर को महासचिव और आशीष धनगर को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चंद्रपाल धनगर सहित सभी जिलों के अध्यक्ष, महासचिव, संगठन महामंत्री, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, संरक्षक आदि उपस्थित थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के लोगों ने बधाई दी है। समाज के मीडिया प्रभारी निरंजन धनकर ने शांतिपूर्वक चुनाव के लिए छोटेलाल धनगर और उनकी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## संगोष्ठी में मानव हित में काम करने का आह्वान

# पहल : दस लोगों ने लिया देह और अंग दान का संकल्प

- धम्मोत्सव पर चतुर्थ संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बोधिसत्व डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की जयंती एवं त्रिविध बुद्ध पूर्णिमा धम्मोत्सव के उपलक्ष्य पर चतुर्थ संगोष्ठी का कार्यक्रम धम्मदूत भदंत संघरत्न मानके की अध्यक्षता में किया गया। विश्व को शांति, करुणा का संदेश देने वाले गौतम बुद्ध और बोधिसत्व डॉ अंबेडकर की मूर्ति के समक्ष अगरबत्ती, मोमबत्ती जलाने के बाद त्रिशरण ,पंचशील के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात भीम जन्मभूमि स्मारक के निर्माता भदंत धर्मशील के स्मृति को अभिवादन किया गया। इस मौके पर भदंत धर्मशील को श्रध्दासुमन अर्पित किया गया। अतिथियो के स्वागत बाद संविधान के प्रस्तावना का वाचन पल्लवी मेश्राम ने किया। श्रेया, सुवर्णा दुफारे ने गीत की प्रस्तुती के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।



### देह दान के लिए किया प्रेरित

भदंत धम्मशिखर बालाघाट, डॉ.योगेन्द्र वी.बंसोड, डॉ.वीणा वाठोरे ने अंग और देह दान करने लोगों को प्रेरित किया। गौतम बुद्ध की दान पारमिता का पालन करते हुए 10 लोगों ने देह और अंग दान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विनोद कोसले ने महिलाओ को मिले अधिकारों की जानकारी दी। श्रुति त्रिवेदी ने भी महिलाओं को अधिकारो को बताया। यास्मीन अंजुम ने समाज को मुख्य धारा में लाने के बाबा साहब के योगदान को बताया।

### निःस्वाथ करें मानव सेवा

उक्त कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे भदंत संघरत्न मानके ने अपने उदबोधन में मानव हित में बिना स्वार्थ के कार्य करने युवा पीढ़ी को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि धम्म संस्कृति के रूप में हजारों ऐसे उपासक उपासिकाएं बनाएं गए हैं जो धम्म का आचरण कर रहे हैं। वह मेरे पुत्र पुत्रीयां है। वह लोग अहिंसा, मैत्री, करूणा, शील, सदाचार का पालन करते हुए मानवता को स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।

### विशिष्टजनों का सम्मान

कार्यक्रम में दृष्टिबाधित दीपा केंवट, लोकेंद्रदास बैरागी, लेमन बोरकर, लोचन ढीमर ने गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान सामाजिक संस्था सोच, उपासिका छबुआई, कृष्णा काल बांदे, सिद्धार्थ जनबंधु, उपासक मुकेश खरे, सिविल जज रिया गणवीर, सुजाता महिला मंडल डोंगरगढ़, एसटी एससी रेल्वे कर्मचारी संघ, प्राथमिक शाला लतमरा, प्राथमिक शाला अछोली, शैक्षिक प्रगतिशील मंच छुईखदान, सावित्री बाई फुले जयंती पर लेख लिखने पर प्रथम पुरूस्कार विजेता संजना गजभिए, द्वितीय रिया गणवीर, तृतीय चांदनी सहारे को बस्तर आर्ट, प्रमाण पत्र, डायरी, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। संचालन विप्लव साहू और पूनम वेणु गोपाल ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन उपासिका राधिका जंघेल ने किया। कार्यक्रम में डॉ मनोज गजभिए, अनमोल बौद्ध, शीला जितेन्द्र कठाने, निशा भूषण भोईर, अन्नू विवेकानंद कोटांगले, पंकज, अमित, हीरालाल टेंभूरकर, श्रद्धा, अमिताभ दुफारे, भरत, करण, कल्पना गड़पायले, प्रदीप गजभिए, कल्पना, विमल गणवीर, श्रद्धा, प्रभा चंद्रिकापुरे, नीलम रमाकांत डोंगरे, उज्जवला डोंगरे, कंचन कौर राजपूत, वंदना टंडन, मुकेश कांडे, प्रेमलता कोसारे, विजय कुर्रे, संघपाल सिराट, नंदेश्वरी चंद्रवंशी, मुकेश खरे, शीतल अग्रहरी, शुभमोय मुखर्जी, डॉ ज्योति गजभिये, डॉ. बलराज ऐर्रा, डॉ पूजा बागडे, आर्यन शिवनारायण कुरिल, आलोक रामटेके, विरेन्द्र रंगारी, रवि डोंगरे, किरण नंदेश्वर, समृद्धि, अनिल लांडगे, विनय चौरे आदि मौजूद थे।

## निर्माणाधीन ग्लेजी यूनिट के टिन उड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

कुंभकार समाज के लिए निर्माणाधीन बहुप्रतीक्षित ग्लेजी यूनिट का कार्य पूरा होने के पहले ही उसकी दुर्दशा सामने आने लगी है। जानकारी के अनुसार करीब एक दशक से भी अधिक समय से कुंभकार समाज के लोगों को ट्रेनिंग और मिट्टी के सामान की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रस्तावित ग्लेजी यूनिट का निर्माण अब तक पूरा नहीं हुआ है।

शेड जैसे तैसे बनकर तैयार जरूर हो गया है कि कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी के चलते उसके टीन अभी से उड़ने लगे हैं। प्रारंभिक बारिश और आंधी तूफान के बाद जो हालत दिखाई दे रही है उसे देखते हुए आशंका व्यक्त किया जा रहा है मानसून आने के बाद और भी टीन उड़ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व ग्लेजी यूनिट के लिए आबंटित जमीन पर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया था। कुंभकार समाज के लोगों की अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा था। लोगों के दबाव में जमीन के सीमाकंन में खेल करने का प्रयास राजस्व अमला ने करने का प्रयास किया था किन्तु अतिक्रमण बचाने की साजिश नाकाम हो गई थी पर अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका है।

## सोसायटी भवन का लोकार्पण



**लालबहादुर नगर।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित रामाटोला में नवीन भवन का लोकार्पण गत दिनों जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने किया। लोकार्पण के मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहु, जिपं सभापति प्रशांत कोडापे, भाजपा अध्यक्ष मनोज कांडे, महेश सेन, पोषण साहु, प्रवीण बोरकर, प्राधिकृत अधिकारी रामाधीन देवांगन, रामेश्वर तारम, श्री घनश्याम यादव, सुनील ताम्रकार, नरेश वर्मा, टिकेश्वर सिन्हा, मनोज पटेल, प्रभु सिन्हा एवं समिति के अधीन आने वाले छह गांव के किसान मौजूद थे।

## जिपं सीईओ ने किया विकास और योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की। जिपं सीईओ सुरूचि सिंह ने सुशासन तिहार अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त सभी आवेदनों का समाधान होना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण का वाचन शिविर स्थल पर करने भी कहा। उन्होंने शिविर में विभागीय स्टॉल के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकरी देने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने प्रोत्साहित करने कहा। साथ ही शिविर स्थल पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। जिपं सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आवास में प्लींथलेबल स्तर के कार्य होने के बाद त्वरित जिओ टैग करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत आवास निर्माण कार्य को शुरू करने तथा निर्माणाधीन आवास को शीघ्र पूरा करने निर्देशित किया। जिपं सीईओ ने पीएमश्री योजना के तहत स्कूलों में स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य को बरसात के पहले पूरा करने निर्देशित किया। सीईओ ने 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों का आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड को मिशन मोड में कार्य पूरा करने कहा। उन्होंने पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने डोर-टू-डोर सर्वे करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर 31 मई तक आयोजित होने वाले विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत गांव के तालाबों की साफ-सफाई, सोख्ता गड्ढा की सफाई, स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली।

## घुमका कॉलेज के विकास का प्रस्ताव

- समिति की हुई पहली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

शासकीय महाविद्यालय में जन भागीदारी समिति की प्रथम बैठक सोमवार को आयोजित किया गया। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजेश श्यामकर ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से सभी विषयों के सहायक प्राध्यापकों की उपलब्धता, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ,ग्रंथपाल और क्रीड़ा अधिकारी का पद सेटअप में पुनर्जीवित कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जनभागीदारी मद अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा आबंटित भूमि का सीमांकन कराने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।



अध्यक्ष श्री श्यामकर ने कहा कि विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में अध्ययन कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष और ग्रंथालय कक्ष के निर्माण हेतु नए भवन, सेटअप के अनुरूप गैर शिक्षकीय स्टाफ की नियुक्ति के लिए प्रयास किया जाएगा। बैठक का संचालन सहायक प्राध्यापक दीपक वर्मा ने किया।

बैठक में तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु,प्रभारी प्राचार्य सत्यदेव त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, जितेंद्र गायकवाड़, अश्वनी साहू, अक्षय, नोहेंद्र सिन्हा, विनोद बारले, ईश्वर वर्मा, ललित साहू, फागूराम यादव, रूपनारायण साहू, सौरभ राजपूत, गोविंदा सेन, मोहित वर्मा, रामसिंग साहू, मंजू चंदेल, लक्ष्मी कोसरे, दिलीप पटेल, शांति निर्मलकर, शैलेन्द्र वर्मा, राजेश वर्मा, हेमंत मेश्राम, डोमार साहू, परदेशी सोनबोईर, तिलेश्वर सिन्हा, फिरंता कौशिक, सहायक प्राध्यापक भारतेन्दू वर्मा, प्रीति खुरसैल, खिलेश्वर हिरवानी, ओमहरि साहू, प्रमोद कंवर, विनोद वर्मा, जयप्रकाश वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## निष्कासन की कार्रवाई हास्याप्रद



**तुमड़ीबोड़।** जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने विधायक दलेश्वर साहू के दबाव में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा निष्कासित करने और जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के खिलाफ पारित प्रस्ताव की निंदा की है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को निष्कासित करने का अधिकार नहीं है और वैसे भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी उन्हे जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का प्रत्याशी बना चुकी है जिससे साफ है कि उन्होंने पार्टी के खिलाफ कोई काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव ब्लाक कांग्रेस नहीं कर सकती।

श्री यादव ने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस को मोहरा बनाकर विधायक पूरा खेल कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि डोंगरगांव कांग्रेस का गढ़ रहा है किन्तु ऊटपटांग निर्णय के कारण संगठन लगातार गर्त में जा रहा है जिसके चलते नगर पंचायत, जिला पंचायत आदि चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि ऐसा ही चलते रहा तो वह दिन दूर नहीं जब संगठन का काम करने के लिए कार्यकर्ता ढूंढने से नहीं मिलेंगे।

### यादव का व्यवहार संगठन के खिलाफ

**डोंगरगांव।** जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव द्वारा विधायक पर लगाए गए आरोपों और निष्कासन को अनुचित ठहराने संबंधी बयान पर पार्षद सद्दाम खत्री ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यादव का अहंकार संगठन के अनुशासन के विपरीत है। उन्होंने कहा कि पूरा संगठन विधायक के नेतृत्व में एकजुट है और दूसरी ओर यादव महत्वाकांक्षा के चलते हर मंच से विधायक के खिलाफ बयानबाजी करते हैं। उनका व्यवहार अनुशासन के खिलाफ और संगठन की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है।

## हितग्राही से रिश्वत मांगने की शिकायत

**डोंगरगढ़।** केन्द्र सरकार ने गरीबों को पक्का मकान मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ किया गया। योजना को कमीशन खोरी से बचाने के लिए हितग्राहियों को किश्त की राशि बैंक के माध्यम से दिया जा रहा है किन्तु यह योजना भी दलालों की भेंट चढ़ने लगी है। हाल ही में मुढिया के हितग्राही ने कलेक्टर से शिकायत किया है। मुढ़यि के वेदराम साहू ने कलेक्टर को शिकायत में बताया कि वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिली थी। प्रथम किस्त में 35 हजार मिलना था जिसके लिए एक व्यक्ति ने दस हजार की मांग किया था। मांग के अनुसार एक व्यक्ति को तीन हजार आन लाईन एवं दूसरे को सात हजार नगद दिया गया। शिकायतकर्ता ने आनलाईन दी राशि का स्क्रीन शॉट भी उपलब्ध कराया है। अब द्वितीय किश्त के लिए पुनः दस हजार की मांग किया जा रहा है। उन्होंने जांच और कार्रवाई की मांग की।

## लक्ष्य इलेवन ने किया स्पर्धा का आयोजन

# सलोनी ने जीता विजेता का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

इरईकला में लक्ष्य इलेवन क्रिकेट टीम एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में रात्रिकालीन चैम्पियन लीग 2025 सांसद ट्रॉफी का आयोजन 17 मई से प्रारंभ होकर 25 मई तक चला। चैम्पियन लीग में विधवंशक इलेवन सलोनी चैम्पियन बना, जिसे इनाम के तौर पर एक लाख दिया गया। उपविजेता का खिताब अयोध्या इलेवन भिलाई ने हासिल किया।स्पर्धा में सांसद संतोष पांडे शामिल हुए।



श्री पाड़े ने गांव पहुंचकर शीतला माता में पूजा अर्चना किया। उन्होंने दर्शन पश्चात सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। मैदान में खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल का आनंद उठाया। अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि किरण बारले, खम्मन ताम्रकार, भागवत शरण सिंह, नरेन्द्र वर्मा, परदेशी सोनबोईर, जागेश्वर साहू, ढालसिंग साहू, जितेन्द्र गायकवाड़, अश्वनी साहू, तुलसी साहू, टाकेश सिन्हा, मयंक शाहा, अजय ठाकुर, जनक साहू साहू थे। इस मौके पर अक्षय पटेल, तरुण साहू, गणेश साहू, आशुतोष सिंग, आकाश चोपड़ा, रवि सिन्हा, गोविंदा सेन, हरिचंद सिन्हा, खेमलाल साहू, पवन गायकवाड़, प्रमोद दुबे, राकेश साहू आदि उपस्थित थे।

समापन समारोह में सरपंच ललित साहू ने मिनी स्टेडियम, मैदान सौंदर्यीकरण, हाईमास्क लाईट, गौठान मुरमीकरण एवं शीतला माता मंदिर पुनरुद्धार की मांग किया। ग्रामीणों को सांसद श्री पांडेय, कोमल सिंह राजपूत ने संबोधित किया। संचालन डाकेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर श्यामलाल साहू, थानूराम साहू, जीवराखन साहू, बंशीलाल साहू, कमलेश साहू, लेखदास साहू, डोमारदास साहू, हिरदेराम क्षत्री, करण साहू, डोमलाल साहू, हिरेन्द्र साहू, केएल साहू, कुंदन साहू, हेमंत साहू, ओमप्रकाश साहू, चंपालाल साहू, कृष्णकांत साहू आदि उपस्थित थे। अंत में अध्यक्ष चंद्रकांत साहू ने आभार व्यक्त किया।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई पुलिस ने एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लालपुर निवासी सुखराजी यादव के रूप में हुई है। पुलिस जुर्म और जरायम का पता लगाने के लिए टाउन गई थीथे।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शनि मंदिर के सामने देवपुरा में एक व्यक्ति खुले में शराब पी रहा है, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सुखराजी यादव को शराब पीते पकड़ा। पुलिस को देखते ही यादव ने शराब का पौवा और डिस्पोजेबल गिलास झाड़ी में फेंक दिया था। आरोपी के डॉक्टरी मुलाहिजा में शराब सेवन करने की पुष्टि हुई है। आरोपी के विरूद्ध धारा 36 (च) के तहत अपराध कायम कर गिरफ्तार किया गया।

## आज बख्शी जयंती पर साहित्यिक गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख़्शी की 131वीं जयंती पर साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बख़्शीजी के व्यक्तित्व और कृतित्व विषय पर राजनांदगांव नगर के साहित्यकार अपने विचार व्यक्त करेंगे।

संगोष्ठी के संयोजक डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि हिंदी विभाग द्वारा आयोजित यह गोष्ठी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के बख़्शी सभागृह में कल 27 मई को दोपहर 12 बजे से आयोजित है।

## नहीं हो सका बिजली और नेटवर्क की समस्या का निदान

# ब्लैकआउट से त्रस्त है औंधी क्षेत्र के दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीण

### बिजली एवं मोबाइल सेवा ठप होने से जनजीवन पर असर

एनिशपुरी गोस्वामी ▶▶ मोहला

राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार अभियान के तहत तीसरे चरण का समाधान शिविर तो औंधी में लगा, अफसर और जनप्रतिनिधि धूल उड़ाकर निकल गए, परंतु क्षेत्रवासियों की सबसे बड़ी समस्या बिजली और मोबाइल नेटवर्क का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया।

औंधी क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों ने बताया कि औंधी क्षेत्र के दर्जनों गांव में आए दिन बिजली की आंख-मिचौली घंटों ब्लैक आउट बनी रहती है। जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं संचार व्यवस्था भी पूरी तरह चरमराई हुई है। बीएसएनएल और जियो दोनों नेटवर्क का हाल बेहद खराब है। लोगों को न तो कॉल मिल पा रही है और न ही इंटरनेट की सुविधा सुचारू रूप से है।

इधर समाधान शिविर में सैकड़ों शिकायतों का समाधान किया गया, पर मानपुर विकासखंड के इस पिछड़े क्षेत्र में बिजली व नेटवर्क की सुविधाएं आम ग्रामीणों को पर्याप्त नहीं मिल रही है। इस बीच प्रशासनिक अधिकारी और भाजपा के स्थानीय नेता सुशासन का दावा ठोंक-ठोंक कर गला फाड रहे हैं और यहां कि आम जनता का जीवन अंधेरे मे व्याकुल है।




#### त्रस्त है औंधी क्षेत्र के ग्रामीण

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला बन गया। औंधी सेक्टर प्रधान गांव तहसील बन गया, परंतु जीवन जीने की दिक्कतें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। औंधी क्षेत्र का बहुप्रतीक्षित बिजली की समस्या इस क्षेत्र के आम ग्रामीणों के लिए विकराल और बेहद पीड़ादायक सबब बना हुआ है। छोटे-छोटे फॉल्ट में घंटों ब्लैक आउट इस वनांचल क्षेत्र के लोगों की जिंदगी से जुड़ गया है। समस्या से निजात दिलाने इस क्षेत्र के आम ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं अफसरों से कई आवेदन निवेदन कर अब बेबसी के बीच फंसे हुए हैं।

#### एक ही विकल्प बस्तर दे सकता है रोशनी

जानकारों ने बताया कि औंधी क्षेत्र को पूरे समय बिजली कि सुलभ सप्लाई बस्तर जिले के पखांजूर से दूसरी लाइन सुचारू व सुलभ बिजली प्रदान करने की योजना ही इस क्षेत्र को पूरे समय बिजली प्रदान कर सकता है। जिसके लिए इस जिले के अवधेदार नेताओं का प्रयास और सरकार कि स्वीकृति औंधी क्षेत्र में निवासरत हजारों आदिवासी ग्रामीणों के जीवन में उजाला कर सकता है।

#### 55 किलोमीटर का ग्रीन कॉरिडोर

बताया गया कि औंधी तहसील से जुड़े 50 गांव के 14 ग्राम पंचायतों को मानपुर ब्लॉक मुख्यालय से बिजली आपूर्ति की जा रही है। बिजली आपूर्ति की लाइन लगभग 55 किलोमीटर जंगल पहाड़ी के रास्ते होकर औंधी पहुंच रही है, जहां पर छोटे से छोटा फाल्ट होने पर संपूर्ण बिजली क्षेत्र की ठप पड़ जाती है।

#### दिन-रात जुटे हैं

जो हमारे पास संसाधन है, उसके बदौलत औंधी क्षेत्र को पर्याप्त बिजली देने के लिए हम दिन-रात जुटे हुए हैं । लंबी लाइन होने के कारण समस्या बनी रहती है। - **एसके मिलिंद,** विद्युत अफसर, मोहला-मानपुर

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में जिले से हजारों शिक्षक मंत्रालय का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

■ राज्य के 23 शिक्षक संगठनों ने बनाया साझा मंच

राज्य के 23 शिक्षक संगठनों द्वारा बनाए गए साझा मंच द्वारा बुधवार 28 मई को मंत्रालय घेराव के ऐलान बाद उसमें शामिल होने जिले से हजारों शिक्षक राजधानी कूच करेंगे। युक्तियुक्तकरण के विसंगति पूर्ण सेटअप के विरोध में आयोजित आंदोलन मे उनकी मांग सेटअप अनुसार युक्तियुक्तकरण है।

छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा के निर्देशानुसार जिले से साझा मंच के जिला संचालक रामलाल साहू की अगुआई में शिक्षक रायपुर कूच करेंगे इस आंदोलन में सभी शिक्षकों, शिक्षित बेरोजगारों और प्रभावित पालकों से आंदोलन में शामिल होने की अपील करते हुए रामलाल साहू ने कहा कि सरकार प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के करीब 43 हजार 849 पद खत्म करने की तैयारी में है। इसे शिक्षा के निजीकरण का प्रयास माना जा सकता है। सरकार ने चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में करीब 50 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था, लेकिन अब शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के नाम पर हटाने और स्कूलों को बंद करने की तैयारी कर रही है।



#### शिक्षक विरोधी नीति है युक्तियुक्तकरण

रामलाल साहू ने कहा कि संगठन कभी भी एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन स्कूलों में नियुक्ति का विरोध नहीं कर रही है बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक होने पर जोर दे रही है। 2008 के सेटअप की तुलना में हर प्राथमिक और पूमाशा में एक-एक शिक्षक कम किया जा रहा है। सरकार ने 2023 में विषयवार शिक्षक की व्यवस्था खत्म कर दी जबकि आरटीई एक्ट में विषयवार शिक्षक का प्रावधान है इससे साफ है कि सरकार शिक्षा में शिक्षक विरोधी नीति लागू कर रही है। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में 2008 के सेटअप को दरकिनार कर केवल शिक्षा के अधिकार कानून की आड़ में प्रदेश भर के प्राथमिक और पूमाशा में शिक्षकों का एक-एक पद कम करने की तैयारी में है। प्रदेश के शिक्षकों और कर्मचारियों को केंद्रीय वेतनमान नही मिलता है नही केंद्र के समान कर्मचारियों को बराबर तय तिथि से डीए और एरियर्स दिया जा रहा है।

#### निजी शालाओं को लाभ देने का प्रयास

प्रदेश में 53 हजार पद रिक्त है ऐसे पदों की पूर्ति वर्तमान में नही करने और प्रशिक्षित डीएड, बीएड, बेरोजगारों को रोजगार से वंचित करने, शासकीय शालाओं में शिक्षक कम करके निजी शालाओं को लाभ देने का प्रयास है। साल भर में सैकड़ों गैर शैक्षणिक कार्य शिक्षकों से कराया जाता है जिससे गुणवत्ता प्रभावित होती है। जिला सचिव शिवचरण वर्मा, भिखेन्द्र जंघेल, दोदेश्वर चंदेल, कौशल श्रीवास्तव, दुर्गेश सोनी, गांधी राम साहू, संजू कंवर, प्रणय महोबे, भगवती सिन्हा, कोमल कोठारी, राजेश लोधी, संतोष तोड़े, सूर्यकांत, हब्बू कंवर, हीरा वर्मा, आरिफ खान, दिगेश सिंह, लेखराम वर्मा, टीका देशमुख, जयंत वर्मा, संजीव धुर्वे, रूखम साहू, अरूण कोसे, कृष्ण कुमार वर्मा, प्रदुम्न कुर्रे, खेमचंद साहू सहित अन्य ने एक सप्ताह के भीतर विभाग द्वारा युक्तिकरण की प्रक्रिया रद्द नहीं करने पर लंबे आंदोलन की तैयारी साझा मंच द्वारा करने की जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों को रायपुर जाने की अपील की है।

# नगर में पहली बार निकली 46 जोड़ों की बारात, बना आकर्षण का केंद्र

### परंपरा अनुसार कराया गया मुख्यमंत्री कन्या विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में सोमवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 46 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के मुख्य चौक से होकर 46 दूल्हों की बारात कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। नगर में पहली बार 46 दूल्हों की एक साथ बारात निकलने पर इसे देखकर नगर में आकर्षण का केंद्र बना रहा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह इसलिए भी अनूठी और आकर्षण का केंद्र साबित हुआ कि सामाजिक समरसता, सौहार्द्र एवं सादगीपूर्ण भरे माहौल में विवाह संपन्न कराया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने वर-वधु को अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष पुनऊराम फुलकवरे, उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिला पंचायत सदस्य शांति त्रिपुरे, जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हेमेंद्र भुआर्य, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रियंवदा रामटेके, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं विवाहित जोड़ों के परिजन उपस्थित थे।

#### मंदिर प्रांगण में विवाह

अंबागढ़ चौकी के मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में 46 जोड़े का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह में वर-वधु दोनों पक्ष के माता-पिता के अलावा उनके परिजन उपस्थित रहे। पूरा विवाह कार्यक्रम गायत्री शांतिपीठ अंबागढ़ चौकी के गुरुओं द्वारा मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया गया।

#### सभी जोड़े एक ही वेशभूषा में नजर आए

सभी 46 कन्या एवं सभी वर एक ही वेशभूषा में नजर आए, यह भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। आज के चकाचौंध और दिखावा भरे जीवन में सादगी व शांतिपूर्ण विवाह एक उच्च स्तर पर सामाजिक संदेश है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत गरीब परिवार की कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जाता है। योजना अंतर्गत कन्या के नाम पर 35 हजार का चेक प्रदाय किया जाता है। इसके अलावा कन्या को विवाह के दौरान उपहार स्वरूप श्रृंगार भी भेंट किया जाता है। सामाजिक परंपरा और रीति-रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न कराया जाता है।

# बैहाटोला की वर्षा का राज्य स्तरीय योगा में चयन



**खैरागढ़।** ब्लाक के शासकीय हाईस्कूल बैहाटोला में अध्ययनरत कक्षा दसवीं की छात्रा वर्षा यादव का चयन राज्य स्तरीय योगा स्पर्धा मे हुआ है। जानकारी अनुसार बीते दिनों सेजेस कन्या शाला में आयोजित जिला स्तरीय योगा स्पर्धा में जिले के 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें चयनित बच्चे संभागीय योगा स्पर्धा दुर्ग में शामिल हुए जहॉं वर्षा यादव ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंडर 17 आयु वर्ग में राज्य स्तर स्पर्धा के लिए चयनित हुई। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती कहावत पूरी तरह से वर्षा पर फिट बैइती है। अत्यंत निर्धन परिवार की बेटी की प्रतिभा से ग्रामवासी व शाला परिवार काफी खुश है। पिता प्रभु यादव मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। वर्षा ने अपनी इस सफलता का श्रेय सहायक जिला क्रीड़ा प्रभारी कन्हैया पटेल के मार्गदर्शन और योगा कोच दीनदयाल वर्मा को दिया है। छात्रा की सफलता पर डीईओ लालजी द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने बधाई देते हुए राज्य स्तर में अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनां दी है। चयन होने पर हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य पूनम पांडेय, सरपंच राधेलाल ऊके, शाला समिति के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, शिक्षक ईश्वर रजक, प्रमेंद्र कर्महे, अश्वनी धुर्वे, शिक्षिका संज्ञा शुक्ला, संगीता गुप्ता, प्रपा भगवती प्रसाद सिन्हा, किशोर शर्मा सहित अन्य ने बधाई दी है।

# कुलपति मिली उत्तरप्रदेश के सीएम योगी से, विवि की उपलब्धियों से कराया अवगत

■ सीएम योगी ने कुलपति के कार्यों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सौजन्य भेंटकर उन्हें विवि की उपलब्धियों से अवगत कराया। विवि के विकास की गतिशीलता को आगे बढ़ाते अपने द्वारा संपादित कार्यों से अवगत कराया और जीवन का कला के प्रति पूर्ण समर्पण को लेकर प्रकाश डालते हुए बताया कि उप्र में जन्मी लड़की ने उप्र के अलावा मप्र और छग में संस्कृति और कला संगीत का संरक्षण व संवर्धन किया वरन वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर भारतीय संस्कृति का परचम लहरा रही हैं।



मुख्यमंत्री योगी ने कुलपति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए विभिन्न विचारणीय महत्वपूर्ण पहलुओं को सामने रखा। गोरखपुर के संगीत प्रेमियों ने 1991 से 2019 तक सांगीतिक प्रयास जारी रखकर सरकार को सांगीतिक हड़ताल कर अपने पक्ष मे किया जिसका परिणाम वहां का बाबा गंभीर नाथ ऑडिटोरियम है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखना प्राथमिकता है। सीएम योगी ने कहा कि प्राचीन वाद्यों में गहराई थी, आध्यात्मिकता थी, उनमें तीव्रता नहीं था। प्राचीन वाद्यों को लेकर भी काम होना चाहिए। संस्कृति के संरक्षण के लिए राजा मानसिंह तोमर, इन्दिरा कला संगीत विवि और भातखण्डे विवि इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कुलपति को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

#### विशेष व्याख्यान के लिए आमंत्रित

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने उप्र आने के उद्देश्य को लेकर सीएम योगी को बताया कि इंदिरा कला संगीत विवि और गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय विवि के साथ एमओयू हुआ है। भातखंडे संस्कृति विवि लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में वो विशेष व्याख्यान के लिए आमंत्रित हैं। सीएम योगी ने शिक्षा में नवाचार, नवोन्वेषण और शोधात्मक गतिविधियों के विस्तार पर विशेष रूचि को दृष्टिगत रखते हुए विवि और संस्कृति विकास के क्षेत्र में सहयोग की आवश्यकता होने पर हर संभव सहयोग प्रदान करने आश्वस्त किया।

# गंवई बईठका में विधायक पहुंचे सिवनी



**मोहला।** मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी सोमवार को मानपुर विकासखंड अंतर्गत जिले के अंतिम छोर सिवनी के दौरे पर रहे। सिवनी में ग्रामीणों से मुलाकात किया एवं उनकी समस्याएं सुनी। जिनका निराकरण का आश्वासन दिया। विधायक ने सर्वप्रथम सिवनी के जाड़े पारा में ग्रामीणों से मुलाकात किया एवं उनसे चर्चा की। ग्रामीणों की मांग पर रंग-मंच निर्माण के लिए हामी भरी। इसी प्रकार सिवनी के बड़े पारा में भी बईठका कर ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों द्वारा सोलर पंप के बंद होने की शिकायत बाद तुरंत दूरभाष से क्रेडा विभाग के अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। ग्रामीणों की मांग पर रंगमंच देने का घोषणा किया। इसी प्रकार सिवनी के झलका पारा में भी ग्रामीणों से मुलाकात किया। युवाओं ने सड़क किनारे यात्री प्रतीक्षालय यात्रियों के सुविधा हेतु तथा गांव के शीतला मंदिर के समक्ष रंगमंच निर्माण का भी मांग की है। विधायक ने रंगमंच निर्माण का सीधे सियान लोग के साथ पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। विधायक ने इस दौरान ग्राम पटेल के विवाह कार्यक्रम एवं बंशी मंडावी के घर नामकरण संस्कार में भी शामिल होकर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर सरपंच किसवंतीन आंचला, जनपद उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक, उपसरपंच रंजन सिंह, धनेश पुड़ो, रामसिंह पुडो, रोहित नेताम, धनसिंह पुडो, दौलत पोटाई, रामलाल धुर्वे, कमलेश पुड़ो, रमेश गोटा, मनहेर सिंह उईके, राजेंद्र पुड़ो, दिनेश दुग्गा, भगत पुड़ो, चंद्रशेखर, सियाराम आंचला, मन्नू मंडावी, नरेश मंडावी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# खुटेरी में रक्तदान शिविर आयोजित

**सोमनी।** ग्राम खुटेरी में क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 42 यूनिट रक्तदान हुए। रक्तदाताओं को पौधा एवं गमछा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 89 लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ सोमनी परिक्षेत्र एवं सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राजनांदगांव व छात्र युवा मंच राजनांदगांव के संयुक्त समावेश बनाकर उक्त कार्य का संचालन किया।



इस अवसर पर पूर्व विधायक भुनेश्वर सिंह बघेल, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि अंगेश्वर देशमुख, जिला पंचायत के देवकुमारी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा रमेश चंद्राकर, जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर, खुटेरी सरपंच रामकिसुन साहू आदि अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर खुटेरी सरपंच प्रतिनिधि हेमंत साहू, आशीष साहू, हेमा साहू, कुमार साहू, विपुल साहू, महेन्द्र लहरे, नीतेश अग्रवाल, नितेश पटिला, फनेंद्र जैन, नागेश यद्धु, माधव साहू, संदीप सिरमौर, रूपकुमार जांगड़े, संतोष तोड़े, अश्वनी बारले, संजय कुर्रे, अभिषेक पाटिला, ईश्वर बंजारे, हेमेश जांगड़े, रोहित चंदेल, अमन महिलांगे, विनोद सांडे, रूपेश महिल्कर, यशवंत रात्रे, आकाश बघेल, दानेश्वर आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मोर गांव मोर पानी अभियान का कलश यात्रा से शुभारंभ

# बाजार अतरिया में समाधान शिविर, मिला 502 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ब्लाक के बाजार अतरिया में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि तिहार के अंतिम चरण में आयोजित समाधान शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी और सुविधा प्रदान करना है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि जिले में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में प्राप्त अधिकांश आवेदनों का प्रभावी रूप से निराकरण कर दिया गया है।

प्रत्येक शिविर में एक विशेष समाधान काउंटर की व्यवस्था की गई है, जहां नागरिक अपने पुराने आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि समाधान शिविर वास्तव में लोगों की समस्याओं और मांगों को समझने का प्रभावी माध्यम हैं। इससे न केवल जनता की समस्या सीधे सामने आती हैं, बल्कि उन्हें तुरंत या जल्दी से जल्दी समाधान भी मिल जाता है। शिविर मे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आम नागरिकों से जल संरक्षण को लेकर जागरूकता दिखाने की अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी और गिरते भूजल स्तर को देखते हुए अब प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह जल का विवेकपूर्ण उपयोग करे और परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण में सहयोग दे। इस दौरान मोर गांव मोर पानी अभियान का शुरुआत किया गया। महिला समूह द्वारा जल कलश यात्रा निकाली गई साथ ही जल संचयन को लेकर जल शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिपं सदस्य जमुना नरेश, दिनेश वर्मा, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेंद्र त्रिपाठी, दीक्षा गुप्ता, हरप्रसाद वर्मा, तीरथ चंदेल, गोरलाल वर्मा, सीईओ जिपं प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में 502 आवेदन मिला जिसमें 485 मांग और 17 शिकायत संबंधित थे।



#### विभागीय स्टॉल का किया निरीक्षण

मंचीय आयोजन से पहले कलेक्टर सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने शिविर में पूरे विभागीय स्टॉल का निरीक्षण किया। शिविर में समस्त विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण और योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने प्रेरित किया गया। मनरेगा अंतर्गत 144.96 लाख के 73 कार्यों की स्वीकृति दी गई। इसी प्रकार कृषि विभाग द्वारा 4 कृषकों को अरहर बीज, 4 हितग्राहियों को किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, 2 हितग्राहियों को महाजाल, 5 हितग्राहियों को सब्जी मिनी किट, श्रम विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, पंचायत विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को आवास की चाबी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को वय वंदन कार्ड का वितरण किया गया।



## सार समाचार

### नर्सेस-डे पर हुआ सम्मान समारोह का आयोजन




**राजनांदगांव।** वेसलियन स्कूल चर्च कैंपस में हैप्पी नर्सेस-डे का आयोजन बीते रविवार को किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति से सम्मानित समाजसेविका मधुलिका रामटेके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस दौरान उनका स्वागत कुमुदिनी, हेमरोन, सीमा लाल, कविता रंजन द्वारा किया गया। हैप्पी नर्सेस-डे के अवसर पर आयोजित कार्यकम में मधुलिका रामटेके द्वारा कलीसिया की 14 नर्स किरण बाला कुमार, शशि थॉमस, साधना विल्सन, मर्सी अब्राहम, जैसी लाल, शुमंगला धनौरकर, सुषमा सिंग, किरण लाल, जोशना मसीह, श्वेता धनोरकर, स्वाति सिंग, बिहुला महाराणा, आश्रिता थॉमस, सौम्या विल्सन को एक गुलाब एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। अंत में कलीसिया के भूतपूर्व पास्टर की धर्मपत्नी ग्रेसी सिंग के द्वारा गिफ्ट देखकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिमा रंजन द्वारा किया गया। उक्त जानकारी शशि सिंग फिजियोथैराफिस्ट द्वारा दी गई।

### गाली-गलौज कर धमकी, दो गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** गाली-गलौज कर हाथ-मुक्का से मारपीट करते जान से मारने की धमकी देने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी शमसुल 32 साल निवासी तुलसीपुर बख्तावर चाल राजनांदगांव ने 25 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी राकेश खंडेलवाल निवासी तुलसीपुर एवं दीलशाद आलम निवासी स्टेशनपारा उसे मां-बहन की अश्लील गाली-गलौज कर हाथ-मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत कार्रवाई कर माननीय एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया।

### आठवीं में घटा साहू का सुयश



**राजनांदगांव।** आईजीएनआई टीइएमएस स्टेट स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा कुमारी घटा साहू 82.50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्टता हासिल की है। घटा साहू शुरू से मेधावी रही है। वह नगर के प्रतिष्ठित पत्रकार लखोली निवासी दीपक साहू व सोमबाई साहू की पुत्री है। घटा साहू की इस सफलता पर परिजनों, गुरुजनों सहित समस्त शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### जल संरक्षण के लिए चल रहे अभियान जनआंदोलन

**राजनांदगांव।** जल संरक्षण के लिए चल रहे अभियान जनआंदोलन का रूप लेते दिख रहा है। लोगों को यही समझाने की कोशिश अतिथि द्वारा की




जा रही है कि आज हम पानी की समस्या के कारण मनपसंद का फसल की खेती नहीं कर पा रहे हैं, हमें दूर-दूर तक जाकर पानी लाना पड़ रहा है। पर्यावरण का दोहन करने के कारण तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है, आने वाले समय में पानी की विकराल रूप लेगी, तापमान और बढ़ेगी, लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाएगा, ऐसे परिस्थिति न आए इसके लिए नारी शक्ति हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा अभियान चलाई जा रही है। सोमवार को ठाकुरटोला, ठेकवा व मनकी में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर, जानिया साहू, सरपंच उर्वशी साहू, अनामिका यादव, सरस्वती साहू, दीप्ति साहू, रेणु मंडावी, हेमा साहू, प्रतिभा चंदेल उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते फूलबासन यादव ने कहा आज जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने निकले हैं। हम देख पा रहे आज जल की समस्या बढ़ रही। इसके बाद भी उचित कदम नहीं उठा पा रहे। पर्यावरण की समस्या है, दिनों-दिन तापमान बढ़ रहे, हम पौधा तो लगा रहे हैं, लेकिन बचाने की लिए गंभीर नहीं है। अब हम सबको संकल्पित होना पड़ेगा। शिवकुमार देवांगन ने पौधा लगाकर बचाने जोर देते कहा कि सभी के सहयोग से पौधा लगाकर बचाने अभियान चल रहा है, जो पौधा लगाने इच्छुक हैं। उसी के यहां केशर आम के पौधे कम दरों में उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही देशी आम का ग्राफ्टिंग हरियाली बाहिनी द्वारा की जाएगी।

### रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी मॉडल गाईड लाइन के तहत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत पॉक्सो पीड़ितों को सहायक व्यक्ति प्रदाय किए जाने जिले में सपोर्ट पर्सन इम्पैनलमेंट तैयार किया जाएगा। इम्पैनलमेंट के लिए योग्य निर्धारित अर्हताओं के प्रकाश में पात्र आवेदकों व संगठनों से 30 मई तक रूचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव व आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

## सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों के साथ तख्ती लेकर दिया धरना

# समाधान शिविर में पूर्व विधायक और भाजपा नेताओं के बीच तीखी बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के छुरिया क्षेत्र के बेंदाड़ी में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ पहुंची पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू और भाजपा नेताओं के बीच तीखी बहस हो गई।

ग्राम पंचायत बेंदाड़ी में समाधान शिविर का आयोजन 13 ग्राम पंचायत के आवेदनों का निराकरण करने हेतु किया गया था। इस शिविर में 2603 आवेदन 26 विभागों के अंतर्गत आए थे। इस शिविर में पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू भी ग्राममीणों के साथ मरकाकसा से जोब तक लगभग सवा किलोमीटर की सड़क बनाने की मांग लेकर पहुंची थी, तभी उनकी बहस मंच पर उपस्थित भाजपा नेताओं के साथ हो गई।

#### दिया आश्वासन

समाधान शिविर में ग्रामीणों के साथ पहुंची पूर्व विधायक छन्नी साहू ने प्रशासनिक अधिकारियों से उक्त सड़क की स्थिति देखने की मांग की। जिसके बाद एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने सड़क का निरीक्षण किया और जल्द ही फिर से टेंडर कर इस सड़क का निर्माण कराए जाने को लेकर आश्वासन दिया।

#### नहीं हुआ निर्माण

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2023 में इस सड़क के लिए टेंडर किया गया था। जिसका भूमिपूजन भी हो गया था। इसके बाद आचार संहिता लग गई और सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। सड़क का निर्माण एक करोड़ 10 लाख 40 रुपए की लागत से किया जाना था। सड़क ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने का मुख्य मार्ग है। इस सड़क पर आइटीबीपी कैंप, पुलिस थाना हाईस्कूल जैसे महत्वपूर्ण स्थान है।



#### अधिकारियों ने मामला शांत कराया

भाजपा नेताओं और पूर्व विधायक के बीच विवाद बढ़ता देख एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, नायाब तहसीलदार विजय कोठारी और थाना प्रभारी संतोष भुआर्य ने दोनों ही पक्षों को समझाते हुए मामला शांत कराया।

#### जेल भेजने की धमकी का आरोप

पूर्व विधायक ने बताया कि इस बहस के दौरान भाजपा के जिला महामंत्री और जिला पंचायत अध्यक्ष के पति द्वारा जेल भेजने की धमकी भी दी गई। जिससे सड़क निर्माण की मांग लेकर पहुंचे ग्रामीण आक्रोशित हो गए।

#### समस्या का समाधान नहीं

सुशासन तिहार के नाम पर ढोंग किया जा रहा है। लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। मांग करने पर जेल भेजने की धमकी सत्ताधारी नेता दे रहे हैं।

**- छन्नी चंदू साहू,** पूर्व विधायक

#### एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप

बताया जा रहा है कि पूर्व विधायक छन्नी साहू जब सड़क निर्माण की मांग करते ग्रामीणों के साथ बैनर-पोस्टर लेकर पहुंची तो मंच से संबोधित कर रहे भाजपा नेता एमडी ठाकुर ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि 5 साल में आप विधायक थी और रोड नहीं बन पाई, अभी भाजपा सरकार है, आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, तभी पूर्व विधायक ने कहा कि तो फिर डेढ़ साल से सड़क क्यों नहीं बनी। जबकि सड़क निर्माण का टेंडर हो गया था, भूमिपूजन हो गया था, लेकिन काम चालू क्यों नहीं किया गया। इतने में मंच पर बैठे भाजपा के अन्य नेता भी नीचे उतर आए और पूर्व विधायक के 5 साल के कार्यकाल को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे। लगभग आधे घंटे तक दोनों ही पक्षों के बीच विवाद चलता रहा।

### वाहन में चावल ले जाते पकड़ा

**राजनांदगांव।** चिचोला कॉलेज रोड में एक 407 वाहन में चावल ले जाने के मामले में वाहन को पुलिस ने पकड़ा। जिसकी जांच हेतु खाद्य विभाग को सूचित किया गया है।

डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आज दोपहर नेहरू कॉलेज रोड में वाहन 407 में चावल ले जाते हुए वाहन को पकड़ा गया, जिसे थाना परिसर लाया गया एवं इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई। मामले की जांच हेतु खाद विभाग को सूचित किया गया है। खाद्य विभाग उक्त चावल के संबंध में जांच कर रही है।

### ट्रेक्टर पलटा, चालक की मौत

**राजनांदगांव।** ट्रेक्टर को रिवर्स करते समय पुलिया के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रेक्टर चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बकरकट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 मई को ग्राम चुरही प्रतिक्षालय के सामने ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर को रिवर्स कर रहा था। इस दौरान ट्रेक्टर का पहिया पुलिया में चला गया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे इसकी चपेट में चालक आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## पेंडरी में आध्यात्मिक दिव्य सत्संग एक को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में आगामी एक जून को वृहद स्तर पर विश्व वंदनीय संत शिरोमणि सदगुरु कबीर साहेब जी के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य पर सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में अध्यात्मिक दिव्य सत्संग एवं भजन समारोह का आयोजन रखा गया है।

उक्त जानकारी देते सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने बताया कि इस अवसर पर सदगुरु कबीर मंदिर के आश्रम गादीपति महंत श्री सेवादास साहेब और प्रमुख प्रवचनकर्ता परम पूज्य महात्मा श्री लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग, महंत श्री राधेश्याम साहेब कंडेल नवागांव धमतरी, मंहत श्री बीजू दास साहेब कुसमी और छत्तीसगढ़ शासन के माध्यम से संस्कृति विभाग द्वारा श्रीसरल सरिता भजनामृत दूरदर्शन एवं रेडियो कलाकार, सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेश ठाकुर एवं साथी रायपुर द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा।

## दोषियों को मिले सजा : कमलेश



**राजनांदगांव।** युवा मोर्चा के जिला सह-कोषाध्यक्ष एवं दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के सदस्य कमलेश प्रजापति ने कहा कि छात्र संगठन का उद्देश्य छात्रों के हित में कार्य करना होता है और छात्रहित में संघर्ष उनका जीवन और उद्देश्य होता है, लेकिन तथाकथित छात्र संगठन द्वारा उनके नेता ही अगर गैरकानूनी काम में लिप्त पाए जाते हैं, जो अक्षम अपराध की श्रेणी में आता है और लगातार सालों तक मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के हितों से कुठाराघात करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे ही एक नेता जो लगातार छात्रों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते रहे और स्वयं ही नकल के प्रकरण में लिप्त पाए गए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन से यह चाहते हैं कि पूरी पारदर्शिता के साथ बिना किसी राजनीति दबाव के इस प्रकरण की पूरी पारदर्शिता के साथ निराकरण हो और दोषियों को सजा मिले।

## उपराष्ट्रपति और एमपी के सीएम ने मयूर जैन का किया सम्मान

- प्रस्तावों की सराहना करते कागजातों की समीक्षा भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर में आयोजित एक भव्य राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा कृषि एवं प्रसंस्करण उद्योग में अभूतपूर्व योगदान के लिए श्री गुरूदेव एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मयूर जैन को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रमुख सचिव, उद्योग विभाग, एमपीआईडीसी के एमडी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

श्री मयूर जैन जिन्होंने मात्र 21 वर्ष की आयु में चार्टर्ड अकाउंटेंसी उत्तीर्ण कर व्यवसाय की शुरूआत की है। मध्य भारत की पहली शत-प्रतिशत निर्यात उन्मुख गैर-बासमती परबॉयल्ड राइस मिल की स्थापना कर किसान से लेकर विदेशी खरीददार तक की पूरी सप्लाई चेन को जोड़ने का कार्य किया है। कार्यक्रम के दौरान मयूर जैन ने मंच पर अतिथियों से मुलाकात की। दस्तावेज सौंपे और सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र एवं सराहना प्राप्त की। मंच पर केंद्रीय मंत्री श्री पटेल द्वारा उनके प्रस्तावों की सराहना करते कागजातों की समीक्षा भी की गई। गौरतलब है कि जल्द ही बालाघाट जिले के सालेटेकरी में एक मेगा फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना होने जा रहा है, जो क्षेत्र में रोजगार व निर्यात दोनों के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि मयूर जैन जैसे युवा उद्यमी आत्मनिर्भर भारत के वास्तविक प्रतिनिधि हैं। इनके विचार, ऊर्जा और समर्पण से प्रदेश को वैश्विक कृषि मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी।

## कुकर्म का आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**मोहला।** नाबालिग से कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को महाराष्ट्र में पकड़ा। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं आरोपी को संश्रय देने वाले दो अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना खड़गांव के अपराध धारा 137(2) बीएनएस के प्रार्थी ने 23 मार्च को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 मार्च को करीबन 12 बजे दिन में पीड़िता अपने दादा-दादी के पास गांव जा रही हूं बोलकर घर से निकली है, जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आने पर आसपास व रिश्तेदारों में पता तलाश किया। कोई पता नहीं चला। पीड़िता को नाबालिग जानते हुए कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर गुम इंसान गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज किया तथा गुमशुदा पीड़िता नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा माता-पिता के वैध संरक्षण से माता-पिता के सहमति के बिना बहला-फुसलाकर भगा ले गया है कि रिपोर्ट पर धारा 137 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया है।

#### दो अन्य पर भी कार्रवाई

पुलिस के अनुसार अपराध विवेचना एवं पीड़िता की पतासाजी के दौरान 29 मार्च को प्रार्थी के घर से पीड़िता को गवाहों के समक्ष बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार कर दस्तयावी शुमार किया जाकर पीड़िता का आईयूसीएडब्ल्यू मोहला में कथन कराया गया है। पीड़िता के कथन के आधार पर आरोपी अरूण कुमार मंडावी द्वारा धारा 137 (2), 65 (1) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से गढ़चिरौली से आरोपी अरूण मंडावी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। आरोपी अरूण मंडावी का गवाहों के समक्ष मेमोरेंडम कथन लिया गया, जो अपने मेमोरेंडम में अपराध करना स्वीकार किया और पीड़िता को गांव से खड़गांव तक ले जाने उसके दोस्त रामस्वरूप रावटे ने सहयोग किया तथा खड़गांव से पीड़िता को आरोपी वर्धा (महाराष्ट्र) ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। वापसी के दौरान अपने जीजा के घर मुरूमगांव में रूका और वहां भी पीड़िता के साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाकर पीड़िता को उसके घर भेजकर फरार हो गया। मुख्य आरोपी अरूण मंडावी को नाबालिग से बलात्कार के आरोप में गढ़चिरौली महाराष्ट्र तथा आरोपी को सहयोग करने वाले उसके जीजा अनिल मंडावी को मुरूमगांव तथा आरोपी एवं पीड़िता को भागने में सहयोग करने वाले सह आरोपी रामस्वरूप को कहगांव से गिरफ्तार कर धारा 249, 3(5) बीएनएस के तहत रिमांड पर भेजने पर माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने पर तीनों आरोपीगणों को जिला जेल राजनांदगांव निरूद्ध किया गया है।

## भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी का इकाई सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के निर्देशानुसार 25 मई को नंदई स्थित पार्टी कार्यालय प्रकाश भवन में भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी जिला इकाई का सम्मेलन राज्य परिषद सदस्य एवं भा.क.पा. जिला दुर्ग के सचिव विनोद कुमार सोनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला सचिव प्रभात तिवारी ने की।



प्रारंभ में पार्टी के दिवंगत साथियों एवं पहलगाम हमले में दिवंगतों को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रो. थानसिंह वर्मा ने जिले में पार्टी की सदस्यता, सांगठनिक गतिविधियों तथा आय-व्यय की जानकारी दी। साथ नए जिले खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर में पार्टी के विस्तार के संबंध में आवश्यक पहल तथा राज्य के पदाधिकारियों के सहयोग की अपेक्षा की। मुख्य अतिथि कामरेड विनोद सोनी ने राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखे दुनिया के समस्त लोगों को अपना परिवार का सदस्य मानते थे, पर आज हम पास-पड़ोस ही नहीं अपने परिवार के लोगों को दुश्मन मानते हैं, उनसे नफरत करने लगे हैं। कार्यालय के अध्यक्ष प्रभात तिवारी ने कहा कि हमारे लिए जनता की सेवा सर्वोपरि है, जहां भी, जो भी समस्याए हैं जनता के हित में उसके लिए यथासंभव सहयोग मागदर्शन तथा जरूरत पड़ने पर संघर्ष आवश्यक है। सभा को कॉ. विश्राम देवांगन, वीरजी घरडे ने भी संबोधित किया। संचालन तथा आभार प्रदर्शन प्रो. थानसिंह वर्मा ने किया।






## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का व्रत कर किया पूजा अर्चना



**हरिभूमि रणवीरपुर।** रणवीरपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं ने बड़ी संख्या में व्रत सावित्री उपवास रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर वट की परिक्रमा किया एवं बाबा भोलेनाथ माता पार्वती से अपने पति के दीर्घायु के लिए आशीर्वाद मांगा। सौभाग्यवती का यह व्रत सौभाग्यवती स्त्रियों का मुख्य त्यौहार माना जाता है। यह व्रत मुख्यतः ज्येष्ठ कृष्ण की अमावस्या को किया जाता है। इस दिन वट वृक्ष की पूजा की जाती है। इस व्रत की कहानी सत्यवान और सावित्री से जुड़ी है सत्यवान और सावित्री की कथा सुनकर महिलाओं ने वट की पूजाकर रक्षा बंधन किया। इस दौरान रणवीरपुर सहित आसपास के ग्रामीण महिलाओं ने बड़ी धूमधाम से वट सावित्री का पूजा पाठ किया।

### स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्रवासी हुए लाभावित



**हरिभूमि पंडरिया।** रविवार को भारतीय स्टेट बैंक शाखा पंडरिया के सहयोग से पंडरिया नगर के पेंशनर अध्यक्ष जगदीश जायसवाल, एवं नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सुमीत तिवारी के समन्वय से तथा जिला कबीरधाम के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार के निर्देशन में समस्त पेंशनरों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु वार्ड नंबर 18 में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 25 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। उक्त शिविर में 8 वय वंदन योजना सम्बंधित कार्ड भी बनाया गया। इस शिविर में उच्च रक्त चाप के 3, मधुमेह के 5, खांसी-सर्दी के 4, बदन दर्द के 8 तथा साधारण कमजोरी के 5 बुजुर्गो को लाभ मिला। उक्त शिविर में चिरायु टीम के सभी सदस्य चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी तथा सभी मितानिन दीदी उपस्थित थे। डॉ राकेश कुमार ने उक्त शिविर को निरन्तर जारी रखने की बात कही और माह 8 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में बचे हुए लोगों हेतु और शिविर लगाए जाने की योजना बनाई है, जिसमें सभी 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने की जानकारी दी है। उक्त दिनांक को सभी पात्र हितग्राहियों का वयवंदन कार्ड भी बनाया जाएगा।

### पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान में 1224 गर्भवती महिलाएं हुई लाभान्वित

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में मातृ-मृत्यु दर को शून्य करने के लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 24 मई को एक वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले के 14 चिन्हित स्वास्थ्य केंद्रों में एक साथ संपन्न हुआ, जिसमें कुल 1224 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें से 418 महिलाएं उच्च जोखिम वाली श्रेणी में चिन्हित की गई। अभियान के अंतर्गत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, उपचार व परामर्श प्रदान किया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से कच्चा मकान बन गया पक्का

# पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों की बदल रही दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हर व्यक्ति का सपना होता है कि उन्हे जीवन की तीन मूलभूत आवश्यकताएं रोटी, कपड़ा और मकान मिल जाए। जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम हाथीडोब के निवासियों के साथ ऐसा ही हुआ। पीएम आवास योजना से कच्चा मकान आज पक्का बन गया। इन्ही योजनाओं में से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने वाले दल्लू, बैसाखू, दशरथ, सोनसिंह व सोनू बैगा खुशी-खुशी नए घर में रहने लगे है।

हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने हमारी दशा और दिशा बदल दी है। पहले अपने पुस्तैनी कच्चे आवास में रहते थे। बरसात के मौसम में उन्हे कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कच्चे घर में सांप, मकान के छत से पानी टपकना आम समस्या थी। लेकिन पक्का मकान बनने से अब अपने परिवार के साथ खुशी से जीवन-यापन कर रहे है। सभी लाभार्थियों ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया।

#### योजनाओं का लाभ ग्रामीण हितग्राहियों को मिल रहा



प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थियों को वर्ष 2023-24 में आवास बनाने की स्वीकृति दी गई। इसके बाद इन सभी को अपने खुद के पक्का मकान की उमीद पूरी होती दिखाई देने लगी। जैसे ही पहली किश्त की राशि 40 हजार का अंतरण उनके बैंक खातों में ऑनलाईन डीबीटी के माध्यम से किया गया, वैसे ही उनकी पक्का आवास बनाने की उम्मीद और पक्की हो गई। इसके बाद ग्राम पंचायत स्तर के तकनीकी मार्गदर्शन के आधार पर सभी लाभार्थियों ने आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया। प्रगति के आधार पर जैसे-जैसे किश्त की राशि मिलती गई। वैसे-वैसे आवास निर्माण कार्य आगे बढ़ता गया और इन सभी का अपने पक्का मकान सपनों का घर पूरा तैयार कर लिया गया। आवास निर्माण की अनुदान राशि 2 लाख रूपए के साथ-साथ इन सभी को महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत 95 दिवस की मजदूरी भुगतान की राशि 23 हजार 850 एवं स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रूपए की राशि अभिषरण के माध्यम से दिया तथा शासन की अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए रखा वट सावित्री व्रत



■ महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुनी बाबा भोलेनाथ माता पार्वती की कथा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के कोलेगांव सहित ग्राम बसनी, भगतपुर, धनेली, मोहतरा कला, कुण्डा, दामापुर, घोरपेंड्री, सोमनापुर, कंझेटा व आसपास ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं द्वारा वट सावित्री व्रत कर महिलाओं द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना करते बाबा भोलेनाथ माता पार्वती से अपने पति के दीर्घायु के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। व्रत सावित्री सौभाग्यवती स्त्रियों का मुख्य त्यौहार माना जाता है। जिसमें महिलाएं श्रीमती सकून शंभू शर्मा, श्रीमती नंदिनी अंबिका मिश्रा, श्रीमती मंदाकिनी संतोष दुबे, श्रीमती कल्पना प्रवीण दुबे, श्रीमती सुधा छत्र किशोर तिवारी सहित आसपास के महिलाओं ने बड़ी धूमधाम से वट सावित्री का पूजा अर्चना की गई।

# ब्राम्हण समाज की परिचर्चा बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नवीन विप्र भवन कवर्धा में संध्या 06 बजे ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष मनीष (बंटी) तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम भगवान श्री रामलला एवं भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात व्रतबंध कार्यक्रम का आय-व्यय पर चर्चा कर उसे अनुमोदित किया गया तथा विप्र भवन कवर्धा (लोहारा रोड) में बरसात पूर्व मरम्मत कार्य कराए जाने के संबंध मे परिचर्चा की गई है। उक्त अवसर पर अध्यक्ष मनीष तिवारी, उपाध्यक्ष वेदनारायण तिवारी, सचिव सुरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सिद्धू तिवारी, वरिष्ठ सदस्य वीके शर्मा, विनोद तिवारी, विष्णु शर्मा, अशोक शर्मा, संतोष चौबे, विजय कुमार शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, नंदकुमार शर्मा साथ ही साथ बड़ी संख्या में समाज पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# नपाध्यक्ष ने वट सावित्री पूजन के लिए माताओं व बहनों को दी शुभकामनाएं, किया शरबत वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

माताओं एवं बहनों का विशेष पर्व वट सावित्री पूजन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व उनकी टीम द्वारा शहर के वट पूजा स्थलों पर आवश्यकतानुसार टेंट, कुर्सी व शरबत की व्यवस्था कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने वार्ड पार्षदों के साथ सभी वट पूजा स्थलों पर पहुंचकर माताओं एवं बहनों को इस पर्व की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की तथा शरबत भी वितरण किए। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में वट सावित्री पूजा के अवसर पर कवर्धा नगर में श्रद्धालु महिलाओं की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की गई थी। यह पर्व माताओं और बहनों की आस्था और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना का प्रतीक है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि माताओं और बहनों को हर संभव सुविधा दी जाए।



जिसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा शहर के विभिन्न पूजा स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। श्री चंद्रवंशी के साथ संबंधित वार्ड पार्षदों द्वारा पूजा के दौरान महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वट पूजा स्थल की आवश्यक साफ-सफाई व्यवस्था, टेंट, कुर्सी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं कराया गया था। वट सावित्री पूजन के दिन सुबह से नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने वट पूजा स्थल का निरीक्षण किया एवं माताओं एवं बहनों की पूजा स्थल के पूर्व भी साफ सफाई की व्यवस्था देखी। उन्होनें सभी स्थलों पर स्वयं उपस्थित होकर व्यवस्था देखी। सभी माताओं एवं बहनों को वट सावित्री व्रत के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होनें बताया कि कैलाश नगर, कलेक्टर कॉलोनी शिव मंदिर, छीरपानी कॉलोनी, आदर्श नगर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर, शिवालय मंदिर, मां काली मंदिर, जमात मंदिर के पास, विद्या नगर, पीपलेश्वर मंदिर एवं ठाकुर देव मंदिर में आवश्यक व्यवस्था कराया गया।

# समाधान शिविर में किसानों ने क्षेत्र में बिजली समस्या से विधायक भावना को अवगत कराया

■ क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए श्रीमती बोहरा ने विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में शनिवार को सुशासन तिहार समाधान शिविर में कोलेगांव व क्षेत्र के किसानों ने समाधान शिविर में पहुंचे उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा से क्षेत्र में बिजली की समस्या को अवगत कराया। समाधान शिविर में बताया कि लगातार बिजली कटौती होने के कारण ग्रामीण किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाती। जिससे ग्रामीण किसानों को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सुबह और शाम बिजली कटौती से उपभोक्ता त्रस्त व परेशान है। जिस पर विधायक



श्रीमती बोहरा ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों को इन समस्याओं जल्द से जल्द हल करने निर्देशित किया। वहीं समाधान शिविर में ग्राम पंचायत कोलेगांव में नवनिर्मित मिनी स्टेडियम में भारी भ्रष्टाचार उजागर करते हुए ग्रामीण युवाओं ने मिनी स्टेडियम के बारे में चर्चा कर बताया गया कि मिनी स्टेडियम में निर्माण कार्य आधा-अधूरा हुआ है, जिसमें उपस्थित सभी कर्मचारी एवं प्रतिनिधियों को अवगत कराया तथा जांच की मांग किया गया साथ ही आधा-अधूरा निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने अपील की गई।

इस समाधान शिविर में उपस्थित कर्मचारियो ने ग्रामीणों की मांग को देखते हुए तत्काल से संज्ञान में लेते हुए एसडीएम को तत्काल निरीक्षण करने के लिए मिनी स्टेडियम कोलेगांव का निरीक्षण किया और जल्द आधा-अधूरा निर्माण कार्य पूरा कराने आश्वासन दिया। इस दौरान आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# जिला पंचायत सदस्य ने क्षेत्र क्र.04 के पंचायतों में दी विकास कार्यों की सौगात

■ विकास कार्यो की सौंगात मिलने पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

प्रदेश भर में जिला पंचायत सदस्य के लिए सर्वाधिक मतों से विजय



हासिल करने वाले श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रं. 04 के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में विकास कार्यो के लिए लाखों रुपए की सौंगात दी है। श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे को क्षेत्र की जनता जिस विश्वास एवं मकसद से एक तरफा समर्थन कर जिला पंचायत कबीरधाम भेजा है, वहीं सदस्य जिला पंचायत राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे खरा उतरते नजर आ रहे हैं और क्षेत्र विकास को आगे बढ़ा रहे है।

श्रीमती धृतलहरे ने ग्राम पंचायत सैहामालगी से मरका पुल तक मुरमीकरण हेतु 02 लाख रुपए एवं बोर खनन के लिए 1.50 लाख रुपए की सौंगात दी। वहीं ग्राम पंचायत कोदवा कला को पक्का नाली हेतु 10 लाख रुपए, पंचायत भवन में फर्नीचर हेतु 01 लाख रुपए, आंगनबाड़ी में आरओ मशीन हेतु 01 लाख रुपए, ग्राम पंचायत पटुवा में पक्की नाली निर्माण हेतु 05 लाख एवं पंचायत में फर्नीचर हेतु 01 लाख रुपए व आंगनबाड़ी केंद्र में आरओ मशीन हेतु 1.52.954 लाख रुपए, ग्राम भगतपुर में पक्की नाली निर्माण हेतु 05 लाख ग्राम पंचायत भवन में फर्नीचर हेतु 01 लाख रुपए आंगनबाड़ी केंद्र में आरओ मशीन हेतु 01 लाख रुपए, ग्राम पंचायत खैलटुकरी में पक्की नाली हेतु 05 लाख रुपए बोर खनन हेतु 1.20 लाख रुपए, ग्राम पंचायत जंगलपुर में पक्की नाली निर्माण हेतु 05 लाख रूपए, बोर खनन हेतु 92.386 हजार रुपए, ग्राम पंचायत अंतरिया में टंकी एवं पाइप फिटिंग हेतु 1.30 लाख रुपए, ग्राम पंचायत रूसे में शुद्ध पेयजल हेतु बोर खनन के लिए 1.20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे ने क्षेत्र क्र. 04 अंतर्गत 9 ग्राम पंचायतो में कुल 81.86.294 लाख रुपए विकास कार्यों हेतु प्रदान की है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया।

### नौतपा लगते ही क्षेत्र में झमाझम बारिश ...



**हरिभूमि कोलेगांव।** नौतपा लगते ही मौसम में उथल पुथल व काली बादल छाएं होने से आज सोमवार को ग्राम कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। जिससे क्षेत्रवासियों को गर्मी भरी उमस से राहत मिली।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने अहिल्या बाई होलकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया

# कुण्डा में अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जन्म शताब्दी मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा ने मण्डल मुख्यालय में लोक माता रानी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के आह्वान पर जिला भाजपा अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के मार्ग-दर्शन में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सदस्य जिला पंचायत रामकुमार भट्ट के गरिमामय उपस्थिति में रानी अहिल्या बाई होलकर 300 वी जयंती पर संगोष्ठी कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य वक्ता रामकुमार भट्ट, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवशी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अहिल्या बाई होलकर



के तैलचित्र में माल्यार्पण किया। मुख्यवक्ता रामकुमार भट्ट ने माता अहिल्या बाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा राज माता लोक माता अहिल्या बाई होलकर मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थी, उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18 वी शताब्दी में मालवा की महारानी के रूप में धर्म की संदेश फैलाने में और औद्योगिकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था, आज वो व्यापक रूप से अपनी बुद्धिमता साहस और प्रशासनिक कौशल के लिए जानी जाती है, श्री भट्ट ने कहा 31 मई 1725 को जामखेड अहमदनगर ( महाराष्ट्र ) के चोंड़ी गांव जन्मी अहिल्या एक साधारण परिवार से थी उनके पिता मानकौजी राव शिंदे ग्राम प्रधान थे, जिन्होंने उन्हें पढ़ना-लिखना सिखाया था।

वहीं मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा अहिल्या बाई होलकर का मध्य भारत इंदौर में तीस वर्षो तक शासन चला यह एक ऐसे काल के रूप में प्रसिद्ध है, जिसके दौरान एक उत्तम व्यवस्था और अच्छी सरकार बनी तथा लोगों को समृद्धि प्राप्त हुई वह एक बहुत ही योग्य शासक और प्रबंधक थी जिन्हें अपने जीवन काल में बहुत सम्मान प्राप्त हुई उनकी मृत्यु के बाद कृतज्ञ लोगों द्वारा उन्हें एक संत के रूप में माना गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने कहा लोकमाता अहिल्या बाई ने अपने राज्य के सीमाओं के बाहर भारत भर के तीर्थों व स्थानों में मंदिर बनवाया, घाट बंधवा, कुआं, बावड़ियों का निर्माण किया मार्ग बनवाएं काशी विश्वनाथ में शिवलिंग को स्थापित किया भूखों के लिए अन्न क्षेत्र खोले प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाई मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों की मनन चिंतन और प्रवचन हेतु की कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मनहरण साहू ने की।

इस अवसर पर जिला मंत्री सुरेश दुबे, दिनेश मिश्रा, रामस्वरूप साहू, महेंद्र धृतलहरे, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष संतोष ध्रुव, कोषाध्यक्ष गणेश यादव, संतोष चंद्रवंशी, अश्वनी यदु, भानुमती साहू, रमन खनूजा, हरेंद्र कश्यप, जोगी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

अनदेखी: विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते फल-फूल रहा कारोबार

# जिले में किसानों को धड़ल्ले से बेचें जा रहे घटिया बीज, खाद व कीटनाशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अमुमन खाद, बीज, कीटनाशक दवा की मांग वर्षाकाल के पूर्व से प्रारंभ हो जाती है लेकिन कृषि प्रधान कबीरधाम जिले में इनकी मांग पूरे साल बनी रहती है। यही वजह है कि जिले में खाद, बीज, कीटनाशक दवा विक्रेताओं की भरमार है और इनमें से कई ऐसे हैं जो अंचल के भोले भाले ग्रामीण किसानों को घटिया दर्जे के बीज, खाद तथा कीटनाशक थमाकर चोखी कमाई कर रहे हैं। जिससे न सिर्फ किसानो को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है बल्कि उनकी फसलें भी चौपट हो रही है। ऐसा ही एक मामला जिले के बोड़ला ब्लाक अंतर्गत रेंगाखार क्षेत्र से सामने आया है। जहां घटिया दर्जे के बीच की वजह से पीड़ित किसान की करीब साढ़े तीन एकड़ में ली गई धान की फसल बर्बाद हो गई। जिससे पीड़ित किसान को बड़ा अर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। हांलाकि भारतीय किसान संघ के समक्ष पीड़ित किसान द्वारा अपनी पीड़ा और शिकायत व्यक्त करने के बाद संघ ने इस मामले पर तत्परता दिखाते हुए न सिर्फ पीड़ित किसान की मदद की बल्कि उसे संबंधित कम्पनी से दो लाख रूपए की भरपाई भी कराई। जानकारी के मुताबिक रेंगाखार तहसील के गांव के निवासी कृषक अनुज मेरावी एक छोटे किसान हैं। उनका और उनके परिवार का भरण पोषण खेती किसानी से ही चलता है। श्री मेरावी के मुताबिक उन्होने स्थानीय दुकानदार से मेदिनी कंपनी का धान बीज लिया था तथा अपने खेत में बोवाई की थी। शुरूआत में फसल बहुत ही अच्छी थी लेकिन बीज में जेनेटिकली मॉडिफिकेशन के समय कुछ खामियों की वजह से बाली में दूध भराव नहीं हुआ और फसल पूरी तरह से खराब हो गई। जिसके बाद पीड़ित किसान ने इस बात की शिकायत संबंधित कृषि केन्द्र, बीज कम्पनी, पटवारी, तहसीलदार तथा कृषि विभाग तक अपनी शिकायत दर्ज कराई और मुआवजे के लिए गुहार लगाई। लेकिन किसी ने भी पीड़ित किसान की गुहार नहीं सुनी। थकहार कर पीड़ित किसान श्री मेरावी ने अपनी पीड़ा और व्यथा भारतीय संघ की रेंगाखार तकहसील ईकाई के समक्ष व्यक्त की। संघ के तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से लिया और सीधे तहसीलदार से चर्चा कर प्रभावित खेत का निरीक्षण कराने कहा गया साथ ही डीडीए को भी विभागीय जांच कराने की मांग की। संघ ने मामले की शिकायत कलेक्टर से भी की। जिस पर कलेक्टर ने भी जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही का भरोसा दिलाया। संघ के मुताबिक जांच में कम्पनी द्वारा बेंचा गया धान बीज घटिया पाया गया और रिपोर्ट के आधार पर घटिया बीज बेचने वाले दुकान का लाइसेंस निरस्त किया गया। जिसके बाद बीज बनाने वाली कंपनी तथा दुकानदार ने किसान से समझौते के लिए संपर्क किया। गत 21 मई को डीडीए कार्यालय कवर्धा में भारतीय किसान संघ, किसान अनुज मेरावी, डीडीए, कृषि केन्द्र संचालक तथा बीज कंपनी के प्रतिनिधि के बीच बैठक हुई। चूंकि जांच रिपोर्ट में बीज की खराबी साबित हो चुकी थी इसलिए पीड़ित किसाने ने बीज कंपनी को साढ़े तीन एकड़ में औसत 70 क्विंटल की पैदावार के सरकारी समर्थन मूल्य के हिसाब से 2 लाख क्षतिपूर्ति राशि का दावा किया। लेकिन कम्पनी तथा दुकानदार द्वारा इतनी राशि देने में आनाकानी की गई। तब भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने बीज कम्पनी के कर्मचारी को स्पष्ट बताया कि जब तक पीड़ित किसान को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया जाता है। तब तक न तो कम्पनी का उत्पादन जिले में बिक्री होगा और न ही विक्रेता की दुकान ताला खुलेगा। संघ की चेतावनी के बाद बीज कम्पनी को 1 लाख 65 हजार रूपए तथा दुकान संचालक द्वारा 35 हजार रूपए का भुगतान चेक के माध्यम से पीड़ित किसान को किया गया। लेकिन यहां बताना लाजिमी होगा कि हर किसान कृषक अनुज मेरावी जैसा खुशकिस्मत नहीं होता जिसे फसल की समुचित भरपाई मिल जाए। ऐसे में बेहतर यही होगा कि इस तरह से किसानो को घटिया और नकली खाद, बीज तथा कीटनाशक दवा बेंचने वालों के खिलाफ शासन-प्रशासन कठोर कार्यवाही करे।

### फसलों पर पड़ता है विपरीत प्रभाव



जानकारों के मुताबिक जिले में सबसे ज्यादा नकली और घटिया दर्जे के कीटनाशक दवा की बिक्री होती है। सूत्रों की माने तो इस कारोबार में कई लोग लगे हुए हैं। जिनके पास न तो कीटनाशक दवा की दुकान संचालन की योग्यता है और न ही अनुभव है। माना जाता है कि कीटनाशक दवा फसलों के लिए जितनी आवश्यक व उपयोगी है उतनी ही खतरनाक भी है। इसके उपयोग में जरा सी भी लापरवाही न सिर्फ कीमती फसलों के लिए बेहद घातक हो सकती है बल्कि दवा का छिड़काव करने वाले के लिए भी ये नुकसानदायक हो सकती है। ऐसे में कीटनाशक दवा विक्रेताओं का योग्य व अनुभवी होना आवश्यक है जो किसानों को दवा के सही उपयोग, मात्रा तथा छिड़काव के समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दे सके। लेकिन वर्तमान में जिन लोगों द्वारा कीटनाशक दवा का व्यवसाय किया जा रहा है उनमें अधिकांश अयोग्य तथा गैर अनुभवी हैं।

### सादे कागज की पर्चियों पर बिक रही दवाइयां

शहर सहित जिले के आसपास के क्षेत्रों में सभी जगह सैकड़ों कीटनाशक दुकान संचालित हैं दुकानदार पक्के बिल ना देकर सादे कागज की पर्ची पर ही दवाइयां बेच रहे हैं। दरअसल पक्का बिल पर कम्पनी का नाम, बैच नंबर, अंतिम तिथि अंकित और दाम लिखना होता है। लेकिन टैक्स बचाने और कार्यवाही से बचने के लिए दुकानदार ज्यादातर सादे कागज के पर्चियों पर लाखों रुपए का व्यवसाय कर रहे हैं। जिस पर संबंधित विभागों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिसके कारण दवा विक्रेता निडरता के साथ किसानों के साथ धोखा कर रहे हैं। बताया जाता है कि उचित कार्यवाही के अभाव में अब तो कीटनाशक दवा की दुकान गांव-गांव में खुल गई हैं जहां धड़ल्ले से घटिया दर्जे की कीटनाशक दवाई बेंची जा रही है।

# कवर्धा नगर में की गई महा स्वच्छता अभियान की शुरुआत



■ महा स्वच्छता अभियान को सफल बनाने नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगरवासियों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की मंशा के अनुरूप स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित कवर्धा के संकल्प को साकार करने की दिशा में आज से एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु कवर्धा नगर पालिका द्वारा महा स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि स्वच्छ सुंदर व विकसित कवर्धा के संकल्पों को साकार करने अब कवर्धा शहर के समस्त नाला, नालियों की सफाई के लिए वार्डों में स्वच्छता महा अभियान प्रारंभ किया गया। इस अभियान के तहत शहर के सभी 27 वार्डों में स्थित नालों और नालियों की व्यापक सफाई की अतिरिक्त मानव बल के माध्यम से कराई जाएगी, जिससे जनस्वास्थ्य में सुधार के साथ-साथ शहर की स्वच्छता और सौंदर्य में भी वृद्धि होगी। महा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ वार्ड क्रमांक 21 से किया गया, जहाँ सफाई कर्मचारियों ने विशेष उपकरणों और संसाधनों के साथ सफाई कार्य प्रारंभ किया।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने बताया कि यह अभियान केवल एक सफाई कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक जनआंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

### नाली के ऊपर बने चबुतरा हटाने की अपील

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि महा स्वच्छता अभियान सभी वार्डों में चलाया जाना है महा अभियान की शुरूवात आज से शुरूवात हो गई है उन्होनें शहरवासियों से अपील करते हुए अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें और इस पहल को सफल बनाने में सहभागी बनें। तथा नाला, नाली के उपर बने स्लैब, चबुतरा को स्वयं से हटा लेवें, अन्यथा सफाई के दौरान स्लैब, चबुतरा को तोड़कर सफाई कार्य किया जावेगा। इस मौके पर नपा उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति दुर्गेश अवस्थी, पार्षद सुरेन्द्र पाण्डेय, सौखी आहिरवार, सोनु उपाध्याय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू सहित वार्डवासीजन अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### गंगानगर में आज मनाई जाएगी शनि जयंती

**कवर्धा।** गंगानगर स्थित श्री शनिदेव, हनुमान जी मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शनि जयंती का पर्व 27 मई को श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजक श्री रामभरोसा सेवा समिति गंगानगर के संयोजक तारकेश सिन्हा (दाउ) एवं समस्त शनि भक्तों द्वारा जानकारी दी गई कि इस अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9.00 बजे से पूजन-अर्चन के साथ शनि स्त्रोत, शनि चालीसा, सहस्त्रनाम पाठ और शनि मंत्र जाप प्रारंभ होगा। इसके पश्चात हवन, पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण किया जाएगा। मुख्य आकर्षण के रूप में प्रातः 8.30 बजे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक नीलकमल वैष्णव द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### वट सावित्री पूजा पर किया गया पौधारोपण



**पंडरिया।** पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों द्वारा सोमवार को वट सावित्री पूजन के अवसर पर मैनपुरा के तालाब में बरगद का एक पौधा रोपित किया। समिति द्वारा हर त्यौहार व विशेष अवसर पर पौधारोपण कर उनके द्वारा लोगों को पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण के लिए प्रेरित किया जाता है। साथ ही उन पौधों को सुरक्षित कर नियमित पानी व अन्य सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। समिति के सदस्यों ने सभी लोगों से पौधारोपण कर पर्यवरण को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है। इस अवसर पर समिति के मोहन सिंह राजपूत, अनुराग सिंह ठाकुर, एसएल कुर्रे व शंकर चन्द्रवंशी उपस्थित थे।

# दिव्यांगों ने रैली निकालकर शासन-प्रशासन से मांगा अपना हक

## फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्रधारियों पर कार्रवाई की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लगातार की शिकवा शिकायत के बाद भी फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के सहारे धड़ल्ले से सरकारी विभागों के विभिन्न पदों में नौकरी कर वास्तविक दिव्यांकों का हक छीनने वालों के विरूद्ध शासन प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किए जाने से नाराज छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने सोमवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में रैली निकालकर अपने हक की आवाज बुलंद की और अपनी एक सूत्रीय, फर्जी दिव्यांगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के बैनर तले जिला मुख्यालय कवर्धा के सिग्नल चौक से जिला कार्यालय तक निकाली गई इस रैली में जिले भर से आए महिला, पुरूष दिव्यांग शामिल थे। जो हांथों में झंडा, बैनर, पोस्टर लेकर कोई ट्रायसिकल में तो कोई बैसाखी के सहारे तो कोई हांथो के बल चलते हुए नारेबाजी करते अपने हक की आवाज बुलंद कर रहे थे। दिव्यांगो की रैली करीब दो किलो मीटर का रास्ता तय कर जिला कार्यालय पहुंची जहां उन्होने प्रदेश के मुखिया के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर दिव्यांगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य सहित कबीरधाम जिले के सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में कई लोग फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के सहारे विभिन्न पदों पर सरकारी नौकरी कर रहे हैं। जिनकी संघ द्वारा स्वयं जांच कर पतासाजी की जाती है और प्रमाण के साथ शासन-प्रशासन व संबंधित विभाग को इसकी शिकवा शिकायत भी की जा रही है। लेकिन बावजूद इसके शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग इन फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्राधारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे वास्तविक दिव्यांगों में काफी रोष और असंतोष है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शासन-प्रशासन की इसी उपेक्षा से नाराज जिलेभर के दिव्यांगों ने आज रैली निकालकर अपने हक की आवाज बुलंद की है और अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन जिला प्रशासन को प्रदेश के मुख्यमंत्री को सौंपा है। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनकी मांग के अनुरूप कार्यवाही नहीं की गई तो आने वाले दिनो में वे उग्र आंदालेन करने मजबूर होंगे।

### मारा जा रहा है वास्तविक व पात्र दिव्यांगों का हक

छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने कहा कि जिस ढंग से प्रदेश में फर्जी दिव्यांगता प्रमाणों का गोरखधंधा चल रहा है और शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग बगैर जांच पड़ताल के इन फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्रों के आधार पर सरकारी पदों पर नियुक्तियां दे रहे हैं उससे वास्तविक दिव्यांगों का हक मारा जा रहा है। आज स्थिति ये है कि हजारों पढ़े लिखे तथा योग्यताधारी वास्तविक दिव्यांग बेरोजगार यहां वहां ठोकरें खा रहे हैं जबकि फर्जी दिव्यांग सरकारी पदों में नौकरी कर मौज उड़ा रहे हैं।

# खनिज के अवैध भंडारण पर कार्रवाई, 1041 घन मीटर रेत जब्त, कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कलेक्टर के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में खनिज के अवैध भंडारण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर को ग्राम खैलटुकरी, तहसील कुण्डा से अवैध रेत भंडारण की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत के आधार पर नायब तहसीलदार पंडरिया संजय मोध्या एवं नायब तहसीलदार कुण्डा नेहा उके को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। जांच में ग्रामवासियों की सूचना के अनुसार विजय शुक्ला निवासी माकरी द्वारा बिना अनुमति के 1041 घन मीटर रेत का अवैध उत्खनन कर हाफ नदी से भंडारण किया गया पाया गया। मौके पर ही उक्त रेत जब्त कर ग्राम पंचायत खेलटुकरी के सुपुर्द कर दिया गया।

# वन क्षेत्र में अवैध कटाई और परिवहन की शिकायत पर वन विभाग सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा वनमंडल अंतर्गत ग्राम सोनझरी, भालापुरी, भठैलाटोला, बडौदा खुर्द एवं मिनमिनिया में अवैध वृक्ष कटाई एवं परिवहन की शिकायतों को लेकर वन विभाग ने तत्परता दिखाई है।

प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वनमंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एसडीओ को स्थल निरीक्षण एवं जांच के निर्देश दिए। एसडीओ द्वारा संबंधित ग्रामों का सघन निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध वृक्ष कटाई अथवा अवैध परिवहन की गतिविधियां नहीं हो रही हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि क्षेत्र में किसी वन अपराध की पुष्टि नहीं हुई है। सावधानी बरतते हुए विभाग ने दिन और रात के समय गश्त तेज कर दी है। स्थानीय वन स्टॉफ द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इस दौरान अन्य राज्यों से तस्करों की किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि भी सामने नहीं आई है। वनमंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल ने कहा कि विभाग शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच करता है, जिससे वन संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि किसी प्रकार की अवैध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

### आरआई पटवारी की गलती का खामियाजा भुगत रहा ग्रामीण किसान

**कवर्धा।** बोड़ला तहसील अंतर्गत ग्राम बरभांवर निवासी एक कृषक ने क्षेत्र के आरआई पटवारी द्वारा उसकी निज कृषि जमीन का गलत सीमांकन करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की माने तो आरआई पटवारी की इस गलती के चलते अब दूसरे किसान उसकी निज जमीन पर कब्जा कर लिया है। जिसे वापस पाने पीड़ित किसान तहसील कार्यालय से लेकर जिला कार्यालय के चक्कर काट रहा है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस संबंध में पीड़ित किसान दुर्गेश साहू पिता बहल साहू निवासी ग्राम बरभांवर पोस्ट कवर्धा तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम ने जिला कलेक्टर के समक्ष लिखित आवेदन सौंपते हुए बताया कि उसकी ग्राम बरभांवर, पोस्ट कवर्धा तहसील कबीरधाम छत्तीसगढ़ में कृषि भूमि पहनं 36 रानिमं राजानवागांव खसरा 101/1, 101/2 रकबा 3 एकड़ 11 डिसमिल स्थित है। जिसे पड़ोसी किसान जन्तराम पिता केजऊ जाति तेली निवासी ग्राम रौचन तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम के द्वारा सीमांकन कराया गया था। जिसमें आरआई पटवारी द्वारा आवेदक की निजि जमीन को लापरवाही पूर्वक सीमांकन कर दिया गया। जिसके चलते अब पड़ोसी किसान जन्तराम तथा उसके पुत्र कुपलाल एवं कृष्णा द्वारा जमीन को कब्जा करने एवं मारपीट की धमकी दी जा रही है। पीड़ित किसान ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि उसकी निजी कृषि जमीन का पुनः सीमांकन कराकर उसे उसके हक व अधिकार की कृषि भूमि वापस दिलाई जाए तथा लापरवाही बरतने वाले आरआई पटवारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

नगर के वट वृक्षों के नीचे जुटी, व्रति महिलाओं की भीड़, दिखा उत्साह

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



सुहागिन स्त्रियों ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर जेष्ठ माह की अमावस्या को पड़ने वाले वट सावित्री पर्व में उपवास रखा और विधि विधान से पूजा अर्चना की। पर्व को लेकर नवविवाहित महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही महिलाएं खासकर नवविवाहित महिलाएं 16 श्रृंगार कर आसपास के वट वृक्षों के नीचे पूजन सामग्री लेकर पहुंच गई थी। टोलियों में पहुंची इन महिलाएं ने वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा अपने सुहाग के लिए भगवान से मंगलकामना की। कवर्धा नगर के राधा कृष्ण तालाब के आसपास, भोजली तालाब, कलेक्टर कालोनी, काली मंदिर, आदर्श नगर, कैलाश नगर, दर्रीपारा, ठाकुर पारा, राजमहल चौक, कचहरी पारा सहित विभिन्न स्थानो में लगे वट वृक्षों के नीचे सुहागिन महिलाओं की खासी भीड़ दिनभर देखने को मिली। इस व्रत के संबंध में पंडित, पुरोहितों ने बताया कि सावित्री ने यमराज से अपने लकड़हारा पति के प्राण अपनी सूझबूझ एवं बुद्धिमत्ता से वापस ले लिए थे और अखंड सौभाग्यवति का वरदान भी प्राप्त कर लिया था। तभी से सुहागिन वट सावित्री के दिन वट वृक्ष को महेश्वर मानकर पूजती हैं तथा अभग्र कुंवारी कच्चा धागा लपेट कर वट वृक्ष की प्रदिक्षणा करती हैं। वट वृक्ष में चना तथा पंखा विशेष रूप से अर्पित किया जाता है।

# पारदर्शिता, जवाबदेही व जनसहभागिता का उत्सव है समाधान शिविर : डॉ.वीरेन्द्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम बिरकोना कलस्टर में सोमवार को प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। समाधान में शिविर में बिरकोना कलस्टर में शामिल ग्राम बिरकोना, मानिकचौरी, धरमपुरा, पालीगुढ़ा, खाम्ही, दुल्लापुर, सोनपुरी रानी, जिंदा, कुटकीपारा, मिरमिट्टी, घुघरी खुर्द तथा घुघरी कला के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ.वीरेन्द्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कबीरधाम जिले में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होने कहा कि आज शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम बिरकोना कलस्टर में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों की समस्याओं व मांगों के समाधान के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से उन्हे लाभान्वित किया गया। उन्होने कहा कि जिले में सुशासन तिहार पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता का उत्सव बनकर उभरा है, जो प्रदेश की भाजपा सरकार के प्रति लोगों के भरोसे को दर्शा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा विभागीय तथा प्रशासिनक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।